रोहतक
शनिवार, 16 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 27, अंक : 324
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 24.0
न्यून. 4.2

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

05 दीप्ति के पंजे में इंग्लैंड के बल्लेबाज भारत के पास 478 रन की बड़ी बढ़त



संसद की सुरक्षा में सेंध : विपक्ष का हंगामा, शाह से बयान देने की मांग

लोकसभा में गतिरोध बरकरार मास्टरमाइंड 7 दिन के रिमांड पर

विपक्ष ने कहा, जब तक गृहमंत्री बयान नहीं देंगे, कार्यवाही नहीं चलेगी

आरोपित ललित ने सबूत मिटाने के लिए सभी साथियों के फोन जलाए

ललित का खुलासा, संसद का प्लान फेल होता तो बाहर फोड़ते स्मॉग बम

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▶▶| नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर शुक्रवार को भी विपक्ष ने तत्काल चर्चा कराने और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा किया। संसद के दोनों ही सदनों की कार्यवाही बाधित हुई और कोई महत्वपूर्ण विधायी कामकाज नहीं हो सका। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि जब तक गृह मंत्री अमित शाह इस मुद्दे पर दोनों सदनों में वक्तव्य नहीं देते, तब तक कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित होना 'बहुत मुश्किल' है। हालांकि राज्यसभा में सभापति ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और सदस्यों की ओर से स्थायी समिति की रिपोर्ट पेश की गईं। यह तीसरा दिन है जब संसद में सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर संसदीय कार्यवाही बाधित हुई। बता दें कि इस मुद्दे पर एक दिन पहले हंगामा करने पर लोकसभा के 13 और राज्यसभा से एक सदस्य को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था।

धनखड़ ने राघव को हड़काया

आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने हाथ से इशारा करके व्यवस्था का प्रश्न उठाने की कोशिश की। धनखड़ ने इस इशारे पर आपत्ति जताई और कहा, "मिस्टर चड्ढा, आपको व्यवस्था का मुद्दा उठाने के लिए ऐसा (हाथ का इशारा) करने की जरूरत नहीं है...। अपनी जीभ का प्रयोग करें...। ऐसा मत करें" सभापति ने उनसे कहा, 'आपको दोषी ठहराया गया था, आपको इस सभा द्वारा सजा सुनाई गई थी।' चड्ढा को संसद के मानसून सत्र के दौरान 11 अगस्त को उच्च सदन से निलंबित कर दिया गया था। सदन ने चार दिसंबर को एक प्रस्ताव के जरिए उनका निलंबन समाप्त कर दिया था।

झा ने घुसपैठ का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर डाला

कोलकाता के एक एनजीओ को भेजा
●
सभी आरोपित भगत सिंह फैन्स क्लब में शामिल थे

संसद में घुसपैठ के मास्टरमाइंड ललित मोहन झा को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने शुक्रवार को 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। ललित ने गुरुवार देर रात दिल्ली पुलिस थाने में सरेंडर किया था। ललित ने संसद में घुसपैठ का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर डाला और कोलकाता के एनजीओ को भेजा, ताकि ये मीडिया तक पहुंच सके। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया था। वह अपने सभी साथियों के मोबाइल फोन भी ले गया, जिसे उसने जला दिया, ताकि सबूत मिटाए जा सकें। मोबाइल जलाने के बाद ललित राजस्थान के नागौर पहुंचा। वहां वह दो दोस्तों से मिला और एक होटल में रात बिताई। फिर दिल्ली आकर सरेंडर किया।

पूछताछ के बाद पुलिस का दावा

मास्टरमाइंड ललित से पूछताछ के बाद दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि आरोपितों ने संसद पर स्मॉग बम फेंकने के दो प्लान बनाए थे। हालांकि उनका प्लान ए ही सफल हो गया और उन्होंने संसद के अंदर स्मॉग फैलाया। ब्लान बी के तहत अगर किसी कारणवश नीलम और अमोल संसद के करीब नहीं पहुंच पाते तो उनके जगह महेश और कैलाश दूसरी तरफ से संसद भवन के करीब जाते और स्मॉग बम फोड़ते। हालांकि 12 दिसंबर की रात महेश और कैलाश गुरुग्राम में विक्की के घर नहीं पहुंचे तो अमोल व नीलम को हर हाल में ये काम करना था।

विधानसभा शीत सत्र के पहले दिन हंगामा

जींद के स्कूल में छात्राओं से छेड़छाड़ के मुद्दे पर घमासान

डिप्टी सीएम-कांग्रेस विधायक के बीच तू-तू, मैं-मैं

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया। पहले ही दिन कई विषयों को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। हंगामे के बीच एक बार कांग्रेसी विधायकों ने वॉकआउट भी किया। सदन में जलभराव, बारिश व ओलावृष्टि से नुकसान, मुआवजे, जहरीली शराब जैसे विषय छाए रहे। जींद के सरकारी स्कूलों में छात्राओं के यौन शोषण के मामले को लेकर जमकर घमासान हुआ। कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल ने यह मुद्दा उठाते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला तो डिप्टी सीएम ने उन्हें उनके कार्यकाल की याद दिलाते हुए गंभीर आरोप लगाए। इस पर दोनों के बीच जमकर तू-तू, मैं-मैं हुई। भुक्कल ने डिप्टी सीएम को धमकी दी व सदन नहीं चलने देने की चेतावनी देते हुए स्पीकर की कुर्सी के सामने पहुंच गईं। भुक्कल ने दुष्यंत से माफी की मांग की, लेकिन डिप्टी सीएम ने सदन में खड़े होकर आरोपों को दोहरा दिया, जिसके बाद में भुक्कल ने कुछ इस तरह के शब्द भी बोल दिए, जिन्हें सदन की कार्यवाही से हटाना पड़ा। इसके मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने बीच बचाव करते हुए सदन को आश्वस्त किया कि स्कूलों में बालिकाओं से छेड़छाड़ की घटनाओं की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज से करवाई जाएगी। *(पेज-2 भी देखें)*

हंगामे के बीच सीएम मनोहर का ऐलान
■
मामले की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज से करवाएंगे



किसने क्या कहा

भुक्कल: जींद के उचाना में छात्राओं के यौन शोषण व अन्य घटनाओं पर सरकार पर हमला बोला, तो हंगामा शुरू।

कंवरपाल: शिक्षा मंत्री ने कांग्रेस नेत्री को अपना वक्त याद करने को कहा, सदन को बताया कि हमारी सरकार ने आरोपित को बर्खास्त कर दिया है।

दुष्यंत: उपमुख्यमंत्री दुष्यंत ने भुक्कल पर हमला बोला व कहा कि आरोपित की इन्होंने 2005 और 2011 में मदद की थी। वह लंबे वक्त तक भुक्कल के संरक्षण के कारण जहां चाहता था, वहां तैनात रहा। दो बार शिकायत हुई। भुक्कल ने इसे बचा लिया अपने घर पर मामले में समझौता करा दिया, डीडीआर से एफआईआर नहीं होने दी गई।

भुक्कल की चेतावनी: मैं डरने वाली नहीं, सदन नहीं चलने दूंगी। कसम खाती हूं कि मैं ऐसी घिनौनी हरकत नहीं कर सकती। दुष्यंत छवि खराब करने के प्रयास में है।

सीएम की नसीहत: कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा द्वारा गलत शब्द बोले जाने पर सीएम मनोहर ने नसीहत दी। साथ ही कहा कि वे सदन में इस तरह का विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकते। नीरज सदन में कफन का कपड़ा लेकर आए थे। स्पीकर गुप्ता ने चेतावनी देकर शर्मा को बैठा दिया।

मिलेगा नया गीत: स्पीकर गुप्ता ने सदन में तीन गीत सुनाकर इनमें से एक गीत राज्य का गीत चुनने का मौका सभी विधायकों को दिया। 19 दिसंबर को इस पर सभी विधायक अपनी राय देंगे, जिसके बाद इनमें से एक चुन लिया जाएगा, जो राज्य का गीत होगा।

खबर संक्षेप

रेप केस: भाजपा विधायक गोंड को 25 साल की कैद

सोनभद्र (उप्र)। सोनभद्र की एमपी एमएलए अदालत ने दुद्धी विस क्षेत्र (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट) से भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को एक नाबालिग लड़की से नौ साल पहले बलात्कार करने के मामले में 25 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया जाना तय है। भाषा

नए शिखर पर शेयर बाजार सेंसेक्स 71,000 के पार

मुंबई। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक शुक्रवार को नए शिखर पर पहुंच गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 969.55 अंक यानी 1.37 प्रतिशत की बड़ी छलांग लगाते हुए 71,483.75 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 273.95 अंक यानी 1.29 प्रतिशत चढ़कर 21,456.65 के नए शिखर पर बंद हुआ। भाषा

बच्चे दाखिला लेंगे तभी बनेंगे नए कमरे शिक्षकों के 26,000 पद जल्द भरे जाएंगे

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर हरियाणा स्कूली शिक्षा विभाग ने स्कूलों के लिए फंड जारी कर दिया। विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल व महानिदेशक आशिमा बराड़ शुक्रवार को हाईकोर्ट में व्यक्तिगत तौर पर पेश हुए और सरकार की तरफ से स्कूलों के सुधार के लिए उठाए गए कदमों पर हलफनामा दायर किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 26,000 शिक्षकों की जल्द भर्ती होगी और बच्चों के दाखिले के आधार पर ही नए कमरे बनाए जाएंगे। हलफनामे में कहा है कि सरकारी स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की कमी नहीं रहने देंगे। प्रदेश में 8240 क्लासरूम में से 415 का निर्माण पूरा हो चुका है, 879 का निर्माण दिसंबर 2024 तक पूरा होगा। 1372 क्लासरूम दिसंबर 2025 तक बन जाएंगे। हलफनामे में कहा गया कि बाकी क्लास रूम का निर्माण बच्चों के दाखिले लेने पर निर्भर करेगा। पीने के पानी, शौचालय और बिजली की सुविधा सभी स्कूलों में उपलब्ध है।

स्कूलों में सुविधाओं पर प्रदेश सरकार का हाईकोर्ट में जवाब
■
8240 क्लासरूम में से 415 का निर्माण कार्य पूरा
■
879 का निर्माण कार्य दिसंबर 2024 तक पूरा होगा

ऐसे चले सवाल जवाब

- **वकील:** एडवोकेट प्रदीप रापड़िया ने कोर्ट को बताया कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार बच्चों के अनुपात में शिक्षकों का अभाव है।
- **प्रधान सचिव :** कोर्ट के पूछने पर प्रधान सचिव ने बताया कि शिक्षकों के 26 हजार पद खाली हैं। जिनको जल्द भरा जाएगा।
- **कोर्ट का सवाल:** हाईकोर्ट ने कहा कि चुनावी आचार संहिता लागू होने में ज्यादा समय नहीं है, ऐसे में सरकार भर्ती कैसे कर पाएगी।
- **प्रधान सचिव :** भर्ती की प्रक्रिया जारी है जिसके बारे में अगली सुनवाई पर विस्तार से जानकारी दे दी जाएगी।

एचटेट की बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन सभी जिलों में 17-18 को

भिवानी (हरिभूमि न्यूज)। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने शुक्रवार को बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता (एचटेट) परीक्षा का आयोजन 2 व 3 दिसम्बर को करवाया गया है। इसका परिणाम घोषित होने से पहले अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन होगी। अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए 17 व 18 दिसम्बर को सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक सभी जिलों में इसके लिए केन्द्र स्थापित किए हैं। अन्य राज्यों से सम्बन्धित अभ्यर्थी अपने साथ लगते जिलों में यह प्रक्रिया पूरी करवाएं।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने किया ऐलान
■
फोटो, पहचान पत्र और एडमिट कार्ड लाना होगा
■
2-3 दिसंबर को हुई थी अध्यापक पात्रता परीक्षा

यह दस्तावेज साथ लाएं

अभ्यर्थी अपना मूल फोटो युक्त पहचान पत्र एवं प्रवेश पत्र एडमिट कार्ड लेकर आएं। जिन जिलों में वेरीफिकेशन होनी है उनकी सूची बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। जो अभ्यर्थी इन तिथियों में यह प्रक्रिया पूर्ण नहीं करते हैं, उनका परिणाम घोषित नहीं किया जाएगा।

भजन ने संभाली राजस्थान की कमान

सीएम पद की शपथ ली, दिया व प्रेमचंद डिप्टी सीएम

जयपुर(भाषा)। भाजपा के पहली बार के विधायक बने भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल कलराज मिश्र ने उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। यहां ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल के सामने आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। आरएसएस से जुड़े शर्मा आज जन्मदिन भी है। मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने हिन्दी में शपथ ली। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद थे। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा वसुंधरा राजे भी समारोह में शामिल हुए। *(पैकेज पेज 7 पर)*

सुनवाई | मुस्लिम पक्ष को सुप्रीम झटका, याचिका खारिज

हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार, हाईकोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पास शाही ईदगाह के सर्वे का आदेश दिया था

मथुरा में ईदगाह मस्जिद का सर्वे रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

मथुरा (एजेंसी)। कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर विवाद में मुस्लिम पक्षकारों को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 14 दिसंबर को दिए फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। बता दें कि हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का तीन अधिवक्ता आयुक्तों की टीम द्वारा सर्वे करने का आदेश दिया था। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज करते हुए कहा कि अगर सर्वे से दिक्कत है तो प्रॉपर तरीका अपनाएं। इसके बाद सुनवाई पर विचार किया जाएगा।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह के बीच 13.37 एकड़ जमीन पर विवाद
●
इसमें से करीब 2.37 एकड़ भूमि शाही ईदगाह के पास

मुस्लिम पक्ष ने दी थी चुनौती : शाही ईदगाह मस्जिद और सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने वर्चुअली इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। इसमें कमिश्नर सर्वे और हाईकोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अब सुप्रीम कोर्ट 9 जनवरी को इस मामले पर सुनवाई करेगा।

यह हुआ था हाईकोर्ट में

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को शाही ईदगाह विवाद से जुड़े 18 मामलों में से 17 मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित शाही ईदगाह परिसर का सर्वे करने का निर्देश दिया। यह सर्वे अधिवक्ता आयुक्तों की टीम करेगी। हालांकि सर्वे कब शुरू होगा, इसकी तारीख आनी अभी बाकी है।

18 दिसंबर को फिर होगी सुनवाई

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर की 13.37 एकड़ जमीन को लेकर विवाद है। जमीन के 11 एकड़ में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर है तो बाकी बचे 2.37 एकड़ में शाही ईदगाह मस्जिद बनी है। जमीन का कमिश्नर सर्वे वाराणसी की ज्ञानवापी परिसर की तरह होगा। अधिवक्ता आयुक्तों की टीम विवादित परिसर में जाकर सबूत जुटाएगी और कोर्ट को अपनी रिपोर्ट देगी। हाईकोर्ट 18 दिसंबर को इस मामले पर फिर सुनवाई करेगा।

विधानसभा सत्र

मुख्यमंत्री कांग्रेस विधायक के कर्मचारियों के जुड़े प्रश्न का जवाब देते हुए बोले

लोकहित में व्यवस्था परिवर्तन के लिए राज्य सरकार सदैव तैयार : मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि लोकहित में व्यवस्था परिवर्तन की जब भी कोई बात आएगी, हमारी सरकार उसके लिए तैयार है। मुख्यमंत्री यहां हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन कांग्रेस विधायक वरुण चौधरी द्वारा लगाए गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 1976 से पहले गजेटेड और नॉन गैजेटेड के वेतन, अलाउंस इत्यादि के बिल निकालने का अलग नियम था। इसके अनुरूप राजपत्रित अधिकारी स्वयं के बिल और सैलरी बिल स्वयं साईन करके तथा गैर राजपत्रित अधिकारी डीडीओ के माध्यम से बिल निकलवा सकते थे। लेकिन 1976 में उस समय की सरकार ने 12 जुलाई, 1976 को यह व्यवस्था बंद करके सभी बिल और सैलरी के लिए डीडीओ पावर के लिए एक अधिकारी को ऑथोराइज कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विषय 47 साल पुराना है, लेकिन किसी ने यह विषय कभी नहीं उठाया, जबकि प्रदेश में कांग्रेस की 21.5 साल, आईएनएलडी की 11.5 साल, हरियाणा विकास पार्टी की 3.5 सालों तक सरकारें रही। 1976 में नियमों में जो भी बदलाव किया गया, वह व्यवस्था परिवर्तन के लिए किया गया था और वर्तमान में इसमें किसी प्रकार का बदलाव का कोई विचार नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदस्य जनहित में व्यवस्था परिवर्तन के लिए कोई प्रस्ताव देंगे तो हम उस पर अवश्य विचार करेंगे।वहीं चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री अनिल विज ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने 1 फरवरी 2019 को अपने बजट भाषण में हरियाणा राज्य में देश के 22वें एम्स की स्थापना की घोषणा की थी और जल्द ही हरियाणा में एम्स का शिलान्यास किया जाएगा।

▪ 1976 से पहले गजेटेड और नॉन गजेटेड अधिकारियों के बिल निकालने का था अलग नियम

विज यहां चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।

चंडीगढ़। विस सदन में प्रश्नों का जवाब देते सदन के नेता और मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

रेवाड़ी में जल्द किया जाएगा एम्स स्थापित : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि रेवाड़ी में केंद्र सरकार की ओर से जल्द ही एम्स स्थापित किया जाएगा। हरियाणा सरकार निरंतर केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य को आगे बढ़ा रही है और टेंडर प्रक्रिया इत्यादि जल्द ही शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार यहां हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन प्रश्नकाल के दौरान विधायक चिरंजीव राव द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2015 में रेवाड़ी क्षेत्र के लोगों की मांग पर यह घोषणा की गई थी कि यहां ऐम्स बनना चाहिए। इस विषय को लेकर राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के साथ बातचीत कर इस विषय को आगे बढ़ाया और वर्ष 2022 में केंद्र सरकार ने हमारे इस अनुरोध को मान लिया।

सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं पूरी

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि शिक्षा हमारे समाज का मौलिक आधार है और सरकार प्रतिबद्ध है कि हर एक बच्चे को उच्चतम स्तर की शिक्षा प्रदान की जाए ताकि वे उन्नत, समर्पित और समर्थ नागरिक बन सकें। उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में विभिन्न पहलुओं में सुधार करने के लिए सकारात्मक कदम उठाए हैं। इसका एक पहलू शिक्षा के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार है ताकि हर एक स्कूल में उच्चतम स्तर की शिक्षा के लिए आवश्यक सुविधाएं हों। वहीं इसका दूसरा पहलू पढ़ाई में नए पाठ्यक्रम और तकनीकी साधनों का प्रयोग है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा टैबलेटों का वितरण कर बच्चों को तकनीकी गतिविधियों के साथ जोड़कर उन्हें एक नई शैली में शिक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है।मनोहर लाल ने कहा कि स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु एक याचिका में पिछली सुनवाई के दौरान किसी वजह से नया एफिडेविट कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका था जिसके बाद हाईकोर्ट ने इस संबंध में 23 नवंबर 2023 अंतरिम आदेश पारित कर दिया जबकि सारी कमियां मई माह में ही पूरी की जा चुकी थी। आज इस मामले में सरकार की ओर से शपथ पत्र दायर किया गया है।

विकास कार्यों के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकार द्वारा राज्य वित्त आयोग के माध्यम से सभी शहरी निकायों को विकास कार्यों के लिए स्टेट ऑन टेक्स रेवेन्यू एसओटीआर का 7 प्रतिशत प्रदान किया जाता है। निकायों द्वारा विभिन्न मदों में उपलब्ध राशि को खर्च करने के बाद आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त अनुदान दिया जाता है। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन प्रश्नकाल के दौरान विधायक नीरज शर्मा द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने ने कहा कि विधायक द्वारा नगर निगम, फरीदाबाद में निधि के अभाव में विकास कार्य न होने की जानकारी दी गई है। इस पर यह अवगत कराना आवश्यक है कि 30 नवंबर, 2023 तक नगर निगम फरीदाबाद के पास लगभग 600 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध है। यदि निधि की आवश्यकता पड़ती है, निश्चित रूप से सरकार अनुदान देगी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष सरकार ने शहरी निकायों के पास उपलब्ध राशि की जानकारी एकत्र की थी और यह सामने आया कि साढ़े 5 हजार करोड़ रुपये निकायों के पास बैंकों में सावधि जमा के रूप में पड़े हैं उन्होंने कहा कि सरकार विकास को लेकर प्रतिबद्ध है।

सत्र के पहले दिन तीन विधेयक पेश

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन तीन विधेयक पेश किए गए। इनमें हरियाणा बकाया देय व्यवस्थापन (संशोधन) विधेयक,2023, हरियाणा पिछड़े वर्ग (सेवाओं तथा शैक्षणिक संस्थाओं में दाखिले में आरक्षण)संशोधन विधेयक, 2023 तथा हरियाणा निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक,2023 शामिल हैं।

रेलवे अंडरपास के ऊपर लगेंगे शेड

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि प्रदेश में सभी रेलवे अंडरपास पर लोक निर्माण विभाग द्वारा शेड लगाए जाएंगे, इसकी पॉलिसी बना दी गई है। करनाल और जींद जिला में ये शेड बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है उन्होंने हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब में बताया कि बरोदा क्षेत्र के जिन अंडरपास का विधायक ने जिक्र किया है वे अंडरपास भारतीय रेलवे के हैं। उन्होंने बताया है कि गांव भैंसवाल खुर्द से गांव माहरा तक सड़क के पहुंच मार्ग पर शेड उपलब्ध कराने का कार्य प्रगति पर है जबकि शेष 6 अंडरपास बनाने का कार्य वर्ष 2023-24 में प्रस्तावित किया गया है और सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बाढ़ से नुकसान की भरपाई कर रही सरकार

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि प्रदेश में जुलाई 2023 में आई बाढ़ से अगर किसी व्यक्ति के मकान को नुकसान हुआ है तो अब भी जिला उपायुक्त को लिखित में अपील की जा सकती है, अगर जांच के बाद नुकसान की रिपोर्ट सही पाई गई तो नुकसान की भरपाई की जाएगी। वे हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बताया कि बाढ़ के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। ऐसे में फसलों के नुकसान (कपास की फसल को छोड़कर) के मुआवजे के लिए कुल 1,34,310 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसी प्रकार, घरों की क्षति के मुआवजे के लिए 6,057 आवेदन और जानवरों की मृत्यु के कारण मुआवजे के लिए 383 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

खबर संक्षेप

मलिक बने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के प्रधान

चंडीगढ़। एडवोकेट विकास मलिक को पंजाब एवम हरियाणा हाई कोर्ट बार एसोसिएशन (एचसीबीए) का अध्यक्ष चुना गया है। मलिक ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी ओंकार सिंह बटालवी को हराया है। अध्यक्ष पद के लिए कुल पांच उम्मीदवार मैदान में थे। अध्यक्ष पद के लिए मलिक को 1536 वोट, ओंकार सिंह बटालवी को 848 वोट, सपन धीर को 778 वोट, एन के बंका को 44 वोट और चौहान सतविंदर सिंह सिसौदिया को केवल 36 वोट मिले। एडवोकेट जसदेव बराड़ अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी नीलेश भारद्वाज को हराकर उपाध्यक्ष चुने गए हैं। बराड़ को 1618 और भारद्वाज को 1511 वोट मिले। इसी तरह, स्वर्ण तिवाना को सचिव, परवीन दहिया को संयुक्त सचिव और सनी नामदेव को एचसीबीए का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। चुनाव वरिष्ठ अधिवक्ता बीएस राणा की अध्यक्षता वाली चुनाव समिति द्वारा कराए गए।

प्रदेश में भ्रष्टाचार बढ़ा : अभय

सत्र के शून्यकाल के दौरान ऐलनाबाद विधायक अभय सिंह चौटाला ने शून्यकाल में बोलते हुए अभय चौटाला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूरा होने पर नौ बड़ी उपलब्धियां बताई थी और बताया था कि उन्होंने नौ वर्षो में प्रदेश को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। लेकिन इसके उलट इन नौ वर्षो में भ्रष्टाचार बढ़ा, महंगाई बढ़ी, कानून व्यवस्था खत्म हुई और बेरोजगारी बढ़ी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जो बड़ी उपलब्धि है वो यह है कि आज प्रदेश के सरकारी विभागों में 2 लाख 9 हजार से ज्यादा पद खाली हैं। जिस सरकार के अंदर 45 प्रतिशत कर्मचारी कम होंगे वो सरकार कभी भी तरक्की नहीं कर सकती, आगे नहीं बढ़ सकती।

जींद में स्थापित होगी औद्योगिक टाउनशिप

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि जिला जींद में एनएच-152 डी और दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे के क्रॉस जंक्शन के पास एक औद्योगिक मॉडल टाउनशिप स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।वे हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे।डिप्टी सीएम ने बताया कि जिला जींद में राज्य सरकार की मंजूरी लेने के बाद दो संभावित स्थलों की पहचान की गई है और सभी तंत्रों यानी ई-भूमि, लैंड पूलिंग पॉलिसी-2022 और लैंड पार्टनरशिप पॉलिसी-2022 के माध्यम से खरीद के लिए प्रक्रिया की गई है। ई-भूमि पोर्टल पर भूमि मालिकों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर साइट/क्षेत्र को अंतिम रूप दिए जाने के बाद एचएसआईआईडीसी द्वारा विस्तृत विशिष्ट साइट मूल्यांकन किया जाएगा। दोनों स्थलों के गांवों का विवरण देते हुए बताया कि इस दिशा में काम किय जा रहा है।

मुआवजे के लिए किसान हो रहे परेशान : सैलजा

चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश सरकार का जबसे गठन हुआ है वह किसानों को खून के आंसू रुला रही है, किसानों का शोषण और उन्हें प्रताड़ित करने का कोई भी मौका नहीं चूक रही है। पांच माह पूर्व भारी बरसात और बाढ़ से खराब हुई फसलों का मुआवजा राशि जारी करने की घोषणा की है जो आधी अधूरी है, 1.41 लाख किसानों ने मुआवजा देने की मांग की थी मगर सरकार ने 34511 किसानों के लिए मुआवजा राशि जारी की है ऐसे में सरकार वंचित रहे किसानों के लिए जल्द से जल्द मुआवला राशि जारी करे। उन्होंने कहा कि सरकार को मुआवजा देने में भेदभाव नहीं करना चाहिए।

सदन ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान शुक्रवार को सदन में पिछले सत्र की अवधि से इस अवधि के अंतराल में मृत्यु को प्राप्त हुए महान विभूतियों, स्वतंत्रता सेनानी और शहीद जवानों के सम्मान में शोक प्रस्ताव पढ़े गए और शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की गई। सर्वप्रथम सदन के नेता मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शोक प्रस्ताव पढ़े। इनके अलावा, विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता और विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने भी शोक प्रस्ताव पढ़कर अपनी ओर से श्रद्धांजलि दी। विधानसभा अध्यक्ष ने शोक संतप्त परिवारों को सदन की भावना से अवगत करने का आश्वासन भी दिया। सदन के सभी सदस्यों ने खड़े होकर दो मिनट का मौन रखा तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना भी की।सदन में जिनके शोक प्रस्ताव पढ़े गए, उनमें हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर छत्तर सिंह चौहान, हरियाणा के भूतपूर्व राज्य मंत्री डॉ. राम प्रकाश शामिल हैं।सदन में अदम्य साहस व वीरता दिखाते हुए मातृभूमि की एकता व अखंडता की रक्षा करने के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले हरियाणा के 18 वीर सैनिकों के निधन पर भी शोक व्यक्त किया गया।

आप की बदलाव यात्रा का आगाज

चंडीगढ़। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी की 10 दिवसीय प्रदेश स्तरीय बदलाव यात्रा का आगाज हुआ। बदलाव यात्रा की शुरुआत हवन की आहुति के साथ चार जगहों से फरीदाबाद, महेंद्रगढ़, सिरसा और कालका से हुआ। यह बदलाव यात्रा इब हरियाणा के लाल नै, एक मौका केजरीवाल नै के नारे के साथ प्रदेश की 90 विधानसभाओं में निकाली जाएगी। 15 दिसंबर से लेकर 24 दिसंबर तक आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बदलाव का संदेश देंगे। इस दौरान फरीदाबाद से शुरू हुई यात्रा का नेतृत्व आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा संसार डॉ. सुशील गुप्ता ने किया। सिरसा से शुरू हुई यात्रा का नेतृत्व चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने किया। महेंद्रगढ़ से शुरू हुई यात्रा का नेतृत्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने किया और कालका से शुरू हुई यात्रा का नेतृत्व राष्ट्रीय संयुक्त सचिव चौ. निर्मल सिंह ने किया। फरीदाबाद से शुरू हुई यात्रा जींद में खत्म होगी। सिरसा से शुरू हुई यात्रा भिवानी में और कालका से शुरू हुई यात्रा पानीपत में और महेंद्रगढ़ से शुरू हुई यात्रा का समापन कैथल में होगा।

कई नेता भाजपा में हुए शामिल

चंडीगढ़। मोरनी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में शुक्रवार को जजपा के पूर्व हलका अध्यक्ष बलदेव सिंह राणा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं, पंचों, सरपंचों व बीडीसी मेंबरों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। नायब सिंह सैनी ने सभी को भाजपा पार्टी का पटका सम्मान स्वरूप पहनाया। भाजपा ज्वाइन करने वाले सभी नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष संकल्प लिया कि वे भाजपा की रीति-नीति के अनुसार पार्टी में आस्था रखते हुए संगठन को और मजबूत करने का काम करेंगे। श्री सैनी ने भी सभी को विश्वास दिलाया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व विधायक लतिका शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बंतो कटारिया, जिला महामंत्री बिरेंद्र राणा, परमजीत कौर, जिला मीडिया प्रमुख नवीन गर्ग, मोरनी मंडल अध्यक्ष सुखबीर राणा आदि मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का सबसे बड़ा मंच है।

कार्यालय मार्किट कमेटी रोहतक

सार्वजनिक-सूचना (नई चारा मंडी रोहतक)

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन मण्डल पंचकुला के पत्र दिनांक 19.10.2023 के अनुपालन में चल-अचल संपति अधिनियम 2021 अनुसार नई चारा मंडी रोहतक में आरक्षित मूल्य पर बूथ-प्लाट आवंटन हेतु निम्न आवेदक फर्म योग्य पाये गए हैं :

1. मैं. धर्मबीर सिंह सतीश कुमार
2. मैं. जय चंद ट्रेडिंग कंपनी
3. मैं. जय सिंह & ब्रदर्स
4. मैं. कृष्ण कुमार नांदल
5. मैं. कृष्ण ट्रेडिंग कंपनी
6. मैं. मदन लाल दीपक कुमार
7. मैं. राजमल सिंह बलजीत सिंह
8. मैं. समय राम हंसराज
9. मैं. सुभाष चंद दीपक कुमार

बाकी अन्य आवेदक उक्त अधिनियम की शर्ते पूरी नही कर पाए इसलिए अयोग्य विचारधीन है। ये सूची अस्थाई है और अंतिम नहीं है। उपरोक्त योग्य व अयोग्य दावेदारों तथा अन्य किसी को भी कोई आपति है तो वह वैध दस्तावेजों सहित दिनांक 22.12.2023 को शाम 5 बजे तक इस कार्यालय मार्केट कमेटी रोहतक स्थित नई अनाज मंडी रोहतक में लिखित रूप से अपनी आपति दर्ज करा सकता है।

हस्ता/-
सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी,
मार्किट कमेटी, रोहतक

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनोज कुमार, पुत्रः श्री परवीन कुमार सचदेवा, पताः 550/25, पटेल नगर, रोहतक, हरियाणा** ने **CC No. 3276/2018, 3277/2018 & 3278/2018, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मनोज कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **मनोज कुमार** फरार हो गए है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 3276/2018, 3277/2018 & 3278/2018, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के अभियुक्त **मनोज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री तुषार गुप्ता
महानगर दंडाधिकारी–04
कमरा नं. 110
रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14264/RD/2023

सार्वजनिक-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए नोटिफिकेशन नं. 9/24/2022-4सी-II दिनांक 15.07.2022 द्वारा The Haryana Municipal Advertisement Bye-Laws, 2022 की पॉलिसी बनाई गई है, जिसके तहत नगरपालिका महम द्वारा हरियाणा सरकार द्वारा बनाए गए https://ulb.project247.in पोर्टल पर विज्ञापन हेतू ई-नीलामी आमन्त्रित की गई हैं, जिनका विवरण निम्न प्रकार है :-

Sr. No.	Description	Start Date & Time	End Date & Time
1	Submission of EMD Amount	13-12-2023 at 04:00 PM	18-12-2023 till 05:00 PM
2	E- auction Live (Online)	18-12-2023 AT 05:01 PM	21-12-2023 at 10:00 AM

विज्ञापन हेतू नीलामी हरियाणा सरकार द्वारा बनाए गए https://ulb.project247.in पोर्टल के माध्यम से ही आयोजित की जाएगी, जो भी व्यक्ति विज्ञापन हेतू यूनिपोल की नीलामी मे भाग लेने का इच्छुक हो, वह निश्चित तिथि व समय पर आनलाईन पोर्टल के माध्यम से मौके का लाभ उठा सकता है।

हस्ता/-सचिव,
नगरपालिका महम

पीआरडीएच-1078/11/411/2024/23450/88/6 दि. 15.12.23

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.12.2023 को जिला कारागार, रोहतक के बंदियों द्वारा बचाई गई रोटियों, सब्जी तथा दाल को उठाने के लिए ठेके पर देने हेतु ई आक्शन के माध्यम से बोली करवाई जाएगी जिसके लिए आप अपना आवेदन eauction.gov.in पर जाकर कर सकते हैं। टैंडर के संबंध में कोई भी बोलीदाता ई आक्शन पर जाकर उपरोक्त टैण्डर को एक वर्ष के लिए ले सकता है।

टैंडर की शर्ते निम्नलिखित हैं।

1. स्वीकृत ठेकेदार को बची हुई रोटियां व दाल सब्जी सप्ताह में दो बार जरूर उठानी होंगी।
2. स्वीकृत ठेकेदार की अवधि एक वर्ष के लिए होगी।
3. यदि स्वीकृत ठेकेदार यदि उपरोक्त शर्तों को तोड़ता है तो इसकी धरोहर राशि जब्त करके ठेके को समाप्त कर दिया जाएगा।
4. इस कार्य में उत्पन्न किसी भी प्रकार के झगड़े या व्यवधान का निपटारा स्थानीय न्यायालय में होगा।
5. ठेकेदार जेल के अन्दर किसी भी बन्दी से किसी प्रकार का लेनदेन या व्यवहार नहीं करेगा और ना ही किसी प्रकार का ऐसा कार्य करेगा जो जेल नियमों के विरूद्ध हो। ऐसा करने पर उसे नियमों के अनुसार दण्डित किया जा सकता है।
6. रोटी व दाल सब्जी उठाने के लिए स्वीकृत ठेकेदार को अपने वाहन का प्रयोग करना पड़ेगा।

पीआरडीएच- 1277/11/62/2024/23432/88/6 दि. 15.12.23

Election Programme of The Sampla Cooperative Marketing Society. Ltd. Sampla which is Seheduled to be held of 21-01-2024.

S.No	Program	Date	Time	Place
01	Filling of Nomination Papers	27-12-2023	10-00 AM to 02-00 PM	In the Office of Assistant Registrar Cooperative Societies Rohtak Mini Secretariat Phase IV 1st Floor Rohtak
02	Scrutiny of Nomination Papers	28-12-2023	10-00 AM to 02-00 PM	-do-
03	Display of List of Valid Candidates	28-12-2023	03-00 PM	-do-
04	Withdrawal of Nomination Papers	29-12-2023	10-00 AM to 02-00 PM	-do-
05	Allocation of Symbols	29-12-2023	03-00 PM	
06	Display of List of Contesting Candidates.	29-12-2023	04-00 PM	-do-
07	Taking of Poll if Necessary	21-01-2024	08-00 AM to 04-00 PM	Detail of Places Given Below

S.No	No. & Name of Zone	Place of Poll
01	Zone No. 01 Kheri Sampla / Indivisual / Reserved for SC	In the Premises of The Sampla Coop. Mkg Society ltd Sampla
02	Zone No. 02 Sampla/ Indivisual/ General	In the Premises of The Sampla Coop. PACS Ltd Sampla
03	Zone No. 03Chuliyana/ Indivisual/Reserved for Women	In the Premises of Govt. Sr. Sec. School Chuliyana
04	Zone No. 04 Sampla (Society) / General	In the Premises of office of Inspector Cooperative Sampla
05	Zone No. 05 Ishmaila (Society) /Reserved for Women	In the Premises of The ishmaila PACS Ltd Ishmaila
06	Zone No. 06 Kharawar (Society)/ General	In the Premises of The Kharawar PACS Ltd Kharawar

Note: For fair and transparent election all voters are directed to bring with them their identity proff for voting.

Sd/- (Parveen Kumar Kadyan)
Returning Officer-cum-Assistant Registrar
Cooperative Societies Rohtak

हरियाणा लोक सेवा आयोग

बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

घोषणा

परिणाम दिनांक 13.12.2023 के तहत विषय ज्ञान परीक्षा हेतु क्वालीफाइड हो चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान परीक्षाएं आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

क्र.सं.	पद व विभाग का नाम	विज्ञा. सं.	परीक्षा की तिथि
1.	जेल विभाग, हरियाणा में उप अधीक्षक जेल (पुरुष)	10/2023	10.01.2024 दोपहर 12:00 बजे से अप. 03:00 बजे तक
2.	निर्वाचन विभाग, हरियाणा में निर्वाचन तहसीलदार	04/2022	
3.	महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा में जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला)	13/2022	
4.	बागवानी विभाग में बागवानी विकास अधिकारी (ग्रुप-बी)	12/2023	
5.	बागवानी विभाग में जिला बागवानी अधिकारी और समकक्ष (ग्रुप-बी)	21/2023	

टिप्पणी : यह घोषणा आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

दिनांक : 15.12.2023

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

संवाद विज्ञा. सं.-1156/13/228/2024/23468/88/6 दि. 15.12.23

कार्यालय : महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द।

निविदा सूचना

Gmail to: gmhrjind1@gmail.com

निदेशालय, राज्य परिवहन हरियाणा चण्डीगढ विभाग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार हरियाणा राज्य परिवहन जीन्द की बसों / वाहनों द्वारा बस स्टैन्ड जीन्द के 5 किलोमीटर एवं नरवाना व सफीदों उपकेन्द्र के 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले पेट्रोल पम्प से कम से कम 15 दिन (अथवा जो भी समयावधि सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी) के लिए अनिवार्य रूप से प्रतिदिन निम्न सारणी अनुसार डीजल लिया जायेगा:-

क्र. सं.	क्षेत्र का नाम	डीजल की मात्रा
1	जीन्द नया बस स्टैण्ड	लगभग 6000 लीटर प्रतिदिन
2	नरवाना बस स्टैण्ड	लगभग 1600 लीटर प्रतिदिन
3	सफीदों बस स्टैण्ड	लगभग 1100 लीटर प्रतिदिन

उपरोक्त बारे में केवल दायरे के अन्दर आने वाले सभी पेट्रोल पम्प डीलरों को इस निविदा सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि इच्छुक डीलर अपनी अपनी कुटेशन बन्द लिफाफे में दिनांक 19.12.2023 को सुबह 10:00 बजे तक कार्यालयः महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन जीन्द में जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा दिनांक 19.12.2023 को सुबह 11:00 बज इच्छुक डीलरों की उपस्थिति में ही इन कुटेशनों को नियमानुसार खोला जाएगा। फर्म को भुगतान 15 कार्यदिवस में किया जाएगा। फर्म / पेट्रोल पम्प डीलर के पास बसों को डीजल देते समय खड़ा रहने का उचित स्थान होना तथा आने जाने को रास्ता सुगम होना अनिवार्य है ताकि शहर में / पब्लिक को किसी भी तरह के जाम का सामना ना करना पड़े। पेट्रोल पम्प डीलर को विभाग के कर्मचारीयों को बैठने के लिए उचित स्थान भी उपलब्ध करवाना होगा। इसके अतिरिक्त यदि पेट्रोल पम्प पर आने व जाने के समय भीड / जाम की स्थिति में विभाग के वाहनों के चालान किया जाता है या वाहनों को प्रशासन द्वारा पेट्रोल पम्प तक जाने की अनुमति नहीं दी जाती है तो फर्म के साथ अनुबन्ध रद्द कर दिया जाएगा। सशर्त कोई भी निविदा विभाग द्वारा स्वीकार नहीं की जाएगी। पैट्रोल पम्प इस डिपो को डीजल की Supply निरंतर करते रहेंगें व किन्हीं अपरिहार्य कारणों के कारण Supply बंद करते हों तो एक हफ्ते पहले लिखित में डिपो को सूचित करना होगा।

नोटः- 15 दिनों के बाद अनुबन्ध आगे बढ़ाया जायेगा या नहीं, इस बारे विभाग द्वारा आकलन किया जाएगा। सफल कुटेशनधारक को सरकार / विभाग द्वारा समय 2 पर जारी सभी दिशानिर्देश / हिदायतों की शर्तों का पालन करना होगा।

हस्ता/- महाप्रबन्धक,
हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द।

पीआरडीएच-1119/11/437/2024/23414/88/6 दि. 15.12.23

चौधरी मित्रसेन आर्य का जीवन समाज के लिए प्रेरणा पुंज : कैप्टन अभिमन्यु

जींद के जिमखाना क्लब में आयोजित मित्र स्मृति समारोह, पूर्व वित्तमंत्री बोले, चौधरी मित्रसेन आर्य शिक्षा को देते थे बहुत महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य का संघर्षमयी जीवन आज जन-जन के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनके पिता गांव से निकले और वैदिक शिक्षा को आधार बनाते हुए जीवन पथ पर ऊंचाइयों को छुआ। चाहे वो व्यापार का क्षेत्र हो, शिक्षा का क्षेत्र हो या फिर आर्य समाज को बुलंदियों पर ले जाने का प्रण हो, हर कार्य को बखूबी निभाया। हर वर्ष 15 दिसंबर को उनके जन्मदिवस को इसीलिए मनाया जाता है ताकि समाज का हर व्यक्ति उनके पिता के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन पथ पर आगे बढ़ सके।

■ खुशी का कोई भी अवसर हो, जरूर मनाना चाहिए : कैप्टन

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु शुक्रवार को वैदिक पथ के पथिक स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य जी की जयंती पर जींद के जिमखाना क्लब में आयोजित मित्र स्मृति समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर, सोनीपत की कुलपति डॉ. सुदेश व कुवि के पूर्व कुलपति डॉ. अविनाश चावला रहे। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि उनके पिता केवल तीसरी कक्षा तक ही पढ़े थे। बचपन में पाली का काम किया और फिर वैदिक सत्यार्थ प्रकाश को पढ़ कर वैदिक शिक्षा को आधार बना जीवन पथ पर बढ़ने की शुरूआत की। छोटे-छोटे कदमों से वो आगे बढ़े और बुलंदियों को छूने का काम किया। उन्होंने समाजहित में ऐसे-ऐसे कार्य किए, जिनका कोई मुकाबला नहीं है। वर्ष 1948 में उड़ीसी, उधमपुर के दुर्गम जंगलों, पहाड़ियों में काम किया जहां कोई जाने की सोच भी नहीं सकता था। भूटान, इंफाल, अग्रतला में भी उनके पिता ने काम किया और सफलता हासिल की। गुरुकुल शिक्षा काला हांडी में स्थापित की। झारखंड में आर्य समाज की स्थापना की। आज काला हांडी में गुरुकुल शिक्षा को 65 वर्ष हो गए हैं। इसके साथ ही हरियाणा में चले हिंदी आंदोलन के दौरान अपना काम छोड़ चार माह जेल भी काटी। ध्येय हमेशा समाज व राष्ट्र उत्थान का रहा। इसके बाद गोरक्षा आंदोलन में तो उनके बड़े भाई कैप्टन रूद्रसेन तथा उनके पिता चौधरी मित्रसेन ने अलग-अलग जेलों में जेल तक काटी।

जींद। मित्र स्मृति समारोह की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ करते हुए पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

जींद। मित्र स्मृति समारोह कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु व अन्य।

यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की धर्मपत्नी एकता सिंधू, मेजर सिंधू, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के वीसी डा. रणपाल सिंह, ढांडा खाप के प्रधान देवव्रत ढांडा, इंडस निदेशक सुभाष श्योराण, पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य, पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, बलराम कटवाल, भाजपा नेता कर्मबीर सैनी, भाजपा नेता अमरपाल राणा, डा. बिजेंद्र ढांडा, जितेंद्र चहल, अमित, राजन, अमित गौड, मायाराम देवली, सुशील गुप्ता, डा. विवेक सिंगला, सुनील वशिष्ठ, नरेश जागलान, शिवप्रकाश, राजबीर, कर्णसिंह, राजबीर, रामेश्वर आर्य, जितेंद्र छात्तर, डा. राजसैनी, बब्बल सैनी, रमेश सैनी, अजीत यादव, सतपाल जागलान, पुरूषोत्तम शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

संस्कार ठीक हों तो जीवन के हर लक्ष्य को कर सकते हैं हासिल

कैप्टन ने कहा कि उनके पिता कहते थे कि अगर मूल संस्कार ठीक हों तो जीवन के हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने अपने पिता चौधरी मित्रसेन आर्य जी के योगगुरु स्वामी रामदेव के साथ बातचीत को याद करते हुए कहा कि आप योग गुरु तो हैं ही साथ ही कुशल प्रबंधक भी हैं। आप देश को योग सिखा रहे हैं और दुनियाभर में योग का ज्ञान बांट रहे हैं। उनकी सोच का संदेश समाज में जाना चाहिए। योग गुरु स्वामी रामदेव को भी उनके पिता से प्रेरणा मिली।

दुख तो भगवान की देन

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि उनके पिता जी कहते थे कि खुशी का कोई भी अवसर हो, उसे अवश्य मनाना चाहिए। दुख तो भगवान की देन है। ऐसे में सुख के अवसर को कभी नहीं गंवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चौधरी मित्रसेन आर्य जी के जीवन का क्या संदेश है, हमें सीखना चाहिए।

मित्रसेन आर्य के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि उनके पिता जी शिक्षा को विशेष महत्व देते थे। वो कहते थे कि विद्या से बड़ा कोई धन नहीं है, कोई ताकत नहीं है, कोई आभूषण नहीं है और कोई सौंदर्य नहीं है। वो भलीभांति विद्या के अभाव की पीड़ा को समझते थे। मनुष्य के पांच बाह्य और पांच भीतर के शत्रु हैं। मनुष्य के अंदर के शत्रु काम, क्रोध, मोह, मद, लोभ हैं जबकि बाह्य शत्रु अभाव, अज्ञानता, आलस्य हैं। स्व. मित्रसेन आर्य के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए अपने वक्तव्य को समाप्त किया।

लोन नहीं भरने के कारण जुलाना में शिव सी सेकेंडरी स्कूल पर बैंक ने कर लिया कब्जा

बच्चों की पढ़ाई को बाधित होने नहीं दिया जाएगा: बैंक के मैनेजर

■ क्लिक्स कैपिटल बैंक का स्कूल पर लगभग साढ़े चार करोड़ का बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जींद। स्कूल के मेन गेट पर लगाया गया कब्जे का पोस्टर।

जुलाना क्षेत्र के गतौली गांव में स्थित शिव सीनियर सेकेंडरी स्कूल पर बैंक का लोन नहीं भरने पर बैंक ने कब्जा कर लिया। शुक्रवार को तहसीलदार रविंद्र हुड्डा को कब्जा दिलाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट बनाया गया था। पुलिस बल के साथ बैंक टीम मौके पर पहुंची और स्कूल पर कब्जा कर लिया। गतौली गांव के शिव सीनियर सेकेंडरी स्कूल की और क्लिक्स कैपिटल बैंक का लगभग साढ़े चार करोड़ का बकाया था। बार-बार नोटिस दिए जाने पर जब बैंक का लोन नहीं चुकाया गया तो बैंक ने स्कूल पर कब्जा कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट रविंद्र हुड्डा ने बताया कि उपायुक्त के आदेशानुसार बैंक का लोन नहीं चुकाने पर बैंक को कब्जा दिलवाया गया था। स्कूल ने वर्ष 2018 में क्लिक्स कैपिटल बैंक से साढ़े चार करोड़ रुपये लोन लिया था। लेकिन स्कूल ने लोन नहीं भरा तो बैंक ने स्कूल पर कब्जा कर लिया। बैंक के मैनेजर ने बताया कि बैंक ने स्कूल को लोन दिया था। लोन की किस्त नहीं भरने पर बैंक द्वारा स्कूल पर कब्जा कर लिया है। बैंक द्वारा बच्चों की शिक्षा प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। शुक्रवार को पुलिस बल के साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट शिव सीनियर सेकेंडरी स्कूल गतौली में पहुंचे और स्कूल को खाली करवाकर बैंक के अधिकारियों ने स्कूल को सील लगा दी। बैंक के मैनेजर ने आश्वासन दिया कि बच्चों की पढ़ाई को बाधित नहीं होने दिया जाएगा दूसरी पार्टी के हवाले कर दिया जाएगा।

कब्जा शांतिपूर्वक तरीके से हो गया

उपायुक्त के निर्देशानुसार बैंक का लोन नहीं भरने पर बैंक को कब्जा दिया गया है। कब्जा कार्यवाही का काम शांतिपूर्वक तरीके से हो गया है।
-रविंद्र हुड्डा, जुलाना ड्यूटी मजिस्ट्रेट

अज्ञात नंबर से आई कॉल

मेडिकल स्टोर संचालक को धमकी देकर मांगी 25 लाख की चौथ

जींद। गांव फूलिया कलां में मेडिकल स्टोर संचालक को फोन पर धमकी देकर 25 लाख रुपये की चौथ मांगने का मामला सामने आया है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चौथ मांगने का मामला दर्ज किया है। गांव फूलिया कलां निवासी सतपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव में मेडिकल स्टोर चलाता है। बीती देर शाम उसके फोन पर कॉल आई। रिसीव करने पर फोन करने वाले व्यक्ति ने 25 लाख रुपये की डिमांड की। राशि न देने पर कॉल करने वाले व्यक्ति ने बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। सदर थाना नरवाना पुलिस ने सतपाल की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पैसे न देने पर गोली मारने की धमकी

मां-चाचा पर केस

अंबाला में 18 साल के लड़के की 20 साल की युवती से कराई शादी

अंबाला। 18 साल के युवक ने 20 साल की युवती से प्रेम विवाह कर लिया है। इसकी शिकायत अब युवक की बुआ ने की है। बुआ ने शिकायत में विवाहिता का गर्भपात कराने तथा अंतरजातीय विवाह का लाभ प्राप्त करने के भी आरोप लगाए हैं। पुलिस ने युवक के परिजनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबाला शहर के मोती नगर की रहने वाली ऊषा रानी ने बताया कि उसकी भाभी सुनीता उर्फ रूबी रानी ने अपने 18 साल के छोटे बेटे की मोती नगर की महक उर्फ वंशिका से इसी साल 16 फरवरी को काली माता मंदिर कालू माजरा शादी करवाई थी। महिला ने बताया कि उसके भतीजे की उम्र दस्तावेज में 18 साल है जबकि उसकी पत्नी की उम्र 20 साल है। महिला ने आरोप लगाया था कि उसकी भाभी जबरदस्ती बहू को बंधक बना कर रखे हुआ है। उसे गर्भनिरोधक दवा खिला ढाई माह का गर्भपात भी करा दिया गया। जांच में विवाहिता का गर्भपात कराने और सरकार से अंतरराज्यीय विवाह का लाभ प्राप्त करने का कोई साक्ष्य सामने नहीं मिला।

प्रेमिका 20 साल की, बुआ ने खोली पोल

तीन आरोपियों पर केस

फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैंक से लिया साढ़े छह लाख का लोन

यमुनानगर। गांव फेरूवाला निवासी लवप्रीत की कोठी के फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैक से साढ़े छह लाख रुपये का लोन ले लिया। आरोप गांव संखेड़ा निवासी गौरव, उसकी मां निर्मला व अंकुश पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव फेरूवाला निवासी लवप्रीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव संखेड़ा निवासी अंकुश ने उनके गांव में पोल्ट्री फार्म बनाया हुआ है। जिस कारण वह अंकुश को जानता है। करीब एक साल पहले अंकुश व गौरव के साथ उनकी कोठी पर आया। वह उसे कहने लगा कि उसे उनकी कोठी बहुत पंसद है। वह भी उनकी कोठी जैसी ही अपनी कोठी बनाना चाहता है। इसलिए वह उसकी फोटो व कमरों की पैमाइश करना चाहता है। उसने आरोपी पर विश्वास करके उसे अपनी कोठी की पैमाइश करने व फोटो खिंचने की इजाजत दे दी। जिसके बाद आरोपियों ने उनकी कोठी की फोटो व पैमाइश कर ली। गत 30 अक्टूबर को आईसीआईसीआई बैंक के कर्मचारी उनके घर पर आए और गौरव के बारे में पूछने लगे।

आईसीआईसीआई बैंक के कर्मचारी पहुंचे तो मामला खुला

देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 606.86 अरब डॉलर

दिसंबर के समाप्त सप्ताह में 2.82 अरब डॉलर बढ़ा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार आठ दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 2.82 अरब डॉलर बढ़कर 606.86 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का कुल मुद्रा भंडार 6.11 अरब डॉलर बढ़कर 604.04 अरब डॉलर हो गया था। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। पिछले साल से वैश्विक गतिविधियों के कारण दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की विनिमय दर बनाए रखने के लिए मुद्राभंडार का उपयोग किया। इससे मुद्रा भंडार प्रभावित हुआ।

19.9 करोड़ डॉलर घटा स्वर्ण भंडार

आरबीआई के अनुसार स्वर्ण भंडार का मूल्य 19.9 करोड़ डॉलर घटकर 47.13 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार 6.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.19 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 1.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.84 अरब डॉलर रह गया।

सोना 150 रुपए मजबूत चांदी में 700 की उछाल

सोना 63,100 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 78,100 रुपए प्रति किलो

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 150 रुपये की तेजी के साथ 63,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 62,950 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। चांदी की कीमत भी 700 रुपए उछलकर 78,100 रुपए प्रति किलोग्राम पर जा पहुंची। पिछले कारोबार में यह 77,400 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बाद शुक्रवार को दिल्ली के बाजारों में सोना 150 रुपए मजबूत होकर 63,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा।'

वैश्विक बाजारों में भी तेजी

वैश्विक बाजारों में सोना बढ़कर 2,037 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी उछाल के साथ 24.19 डॉलर प्रति औंस हो गई। कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,037 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले पांच डॉलर अधिक है। गांधी ने कहा कि अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट और अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के अगले साल नीतिगत दर में कटौती के संकेत से सोने की कीमतों में तेजी आई।

रुपया 27 पैसे उछलकर 83.03 प्रति डॉलर पर बंद

संस्थागत निवेशकों की लिवाली से रुपया मजबूत

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 27 पैसे के उछाल के साथ 83.03 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू शेयरों में रिकॉर्ड तेजी आने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के लगातार निवेश बढ़ने के बीच रुपये में तेजी आई। बाजार सूत्रों ने कहा कि शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी का दौर जारी रहा। बीएसई सेंसेक्स पहली बार 71,000 अंक पार गया है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी लिवाली से भी रुपये की धारणा मजबूत हुई।

रुपया 83.30 प्रति डॉलर पर खुला

अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.30 प्रति डॉलर अपरिवर्तित रुख लिए खुला। शुरूआती कारोबार में 83.32 प्रति डॉलर के निम्न स्तर को छूने के बाद 82.94 प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर जा पहुंचा। रुपया अंत में पिछले बंद भाव के मुकाबले 27 पैसे की तेजी के साथ 83.03 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर रुपये में 37 पैसे की तेजी देखी गई।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
{UNDER GUARDIAN AND WARD ACT}
IN THE COURT OF Ms. Bhawna Jain
Principal Judge, Family Court, Jhajjar
Ravinder Kumar S/o Ram Singh R/o V.PO- Ramgarh, Tehsil and Distt- Rewari.
Petitioner
Vs.
1. Chakarwarti S/o Umed Singh R/o Amadel Shahpur, Akheri Madanpur, Tehsil- Matanhail, Distt- Jhajjar.
2. General Public
Respondent
CNR No. HRJR01-010061-2023
Next Date:- 29-01-2024
Petition U/S 69 of Mental Health Act- 1987 for removal of managers and Guardians of moderate mental retardation person Aman and appoint the present petitioner as Manager and Guardian of said Aman.
NOTICE TO:
General Public
India
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on **29-01-2024 at 10:00 a.m.** For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs-districtnotice&district=Jhajjar*
Sd/- (Bhawna Jain)
Principal Judge, Family Court Jhajjar*
Dated, this day of 08-12-2023

दो लाख करोड़ रुपए बढ़ी निवेशकों की पूंजी

नई दिल्ली। सेंसेक्स के पहली बार 71,000 अंक के स्तर पर पहुंचने से शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में निवेशकों की पूंजी दो लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख और विदेशी कोषों के सतत प्रवाह से घरेलू बाजार में तेजी आई। बीएसई सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुरुआती कारोबार में 357 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स सोमवार को शुरुआती कारोबार में पहली बार 70,000 के स्तर को पार कर गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर सुबह के सौदों के दौरान लाभ में रहे। नेस्ले, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक आईटीसी के शेयरों को नुकसान हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गुरुवार को 3,570.07 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

A.I.T KANINA
Gahra Road Kanina Distt. M/garh
Requires for Pharmacy Course
*Principal * Assistant Professor -> Pharmaceutics, Pharmacology, Pharmacognosy, Pharmaceutical Chemistry
*Clerk *Lab Technician
*Librarian *Computer Data Operator *Mali *Peon *Sweeper.
Qualification and Salary as per University/PCI/HSBTE norms Interested Candidate Send their resume by e-mail with in immediately from date of Advertisement.
Email- vps682@gmail.com Cont. No- 9992696300

969 अंकों की छलांग सेंसेक्स ने लगाई, 21,456.65 अंक से निफ्टी ऑलटाइम हाई

71,483.75 अंक पहली बार नए शिखर पर शेयर बाजार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनुकूल घरेलू वृहद-आर्थिक आंकड़ों और अमेरिका में ब्याज दर को लेकर चिंताएं कम होने से स्थानीय शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक शुक्रवार को नए शिखर पर पहुंच गए। बीएसई सेंसेक्स 969 अंक से अधिक उछलकर पहली बार 71,000 अंक के स्तर को पार कर गया। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की निरंतर खरीदारी के बीच सूचना प्रौद्योगिकी, प्रौद्योगिकी एवं धातु शेयरों में भारी खरीदारी होने से घरेलू इक्विटी बाजार की तेजी को रफ्तार मिली। घरेलू बाजारों में लगातार तीसरे दिन बढ़त रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 969.55 अंक यानी 1.37 प्रतिशत की बड़ी छलांग लगाते हुए 71,483.75 के अपने रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,091.56 अंक यानी 1.54 प्रतिशत तक बढ़कर 71,605.76 पर पहुंच गया था जो इसका उच्चतम कारोबारी स्तर है।

7वें हफ्ते में बढ़त : एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा, /"निफ्टी का ऊपर की तरफ बढ़ने का सिलसिला बाजार पर तेजड़ियों के नियंत्रण से मेल खाता है। एक नया सर्वकालिक उच्च स्तर हासिल कर सूचकांक ने लगातार सातवें हफ्ते में बढ़त के साथ समापन किया है।/"

बढ़त के लिए कारण

1. विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर को अपरिवर्तित रखने और अगले साल दर में कटौती के संकेत देने से भारतीय इक्विटी बाजारों में लगातार विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ा है और इसने शेयरों में तेजी को बढ़ावा दिया है।
2. घरेलू स्तर पर कई सकारात्मक आर्थिक आंकड़ों ने भी तेजी को बल दिया है। सितंबर तिमाही की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही है और विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई 56 पर जा चुका है।
3. कच्चे तेल की कीमतें 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब आने से भी धारणा को मजबूती मिली है।

एचसीएल में सर्वाधिक तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एचसीएल टेक्नोलॉजीज में सर्वाधिक 5.58 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, एनटीपीसी और विप्रो का स्थान रहा। इसके उलट नेस्ले, भारती एयरटेल, मारुति और आईटीसी के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

स्मालकैप सूचकांक चमका

अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई स्मालकैप सूचकांक में 0.58 प्रतिशत की तेजी रही लेकिन मिडकैप सूचकांक में 0.07 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में आईटी खंड में 4.41 प्रतिशत, प्रौद्योगिकी खंड में 3.64 प्रतिशत और धातु खंड में 1.78 प्रतिशत का उछाल रहा। हालांकि एफएमसीजी, वाहन, रियल्टी एवं सेवा क्षेत्रों में गिरावट रही।

एशियाई बाजार में भी उत्साह

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग चढ़कर बंद हुए जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक निचले स्तर पर बंद हुआ। यूरोपीय बाजार मिलेजुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम गुरुग्राम	गांव बजघेड़ा, नये विस्तारित क्षेत्र, जोन नं. 2, गुरूग्राम में सामुदायिक केन्द्र के बकाया कार्य (सिविल कार्य, प्लम्बिंग कार्य और वैद्युत कार्य) हेतु आकलन।	13.12.2023 04.01.2024	56.43 लाख	https://etenders.hry.nic.in	7015891509 manojbagotia@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23458/I/88/6 दि. 15.12.23

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर परिषद गोहाना	गजराज रोड एम.सी. गोहाना पर सीएफसी सेंटर का निर्माण।	13.12.2023 21.12.2023	एनए	https://etenders.hry.nic.in	1263252013 eo-gohana@ulbharyana.gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23440/I/88/6 दि. 15.12.23

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	एम.सी. रोहतक के तहत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के लिए टेंटेज की आपूर्ति व फिक्सिंग (पुनः आमंत्रण)।	14.12.2023 20.12.2023	-	https://etenders.hry.nic.in	xenmcrohtak@gmail.com
2	नगर निगम रोहतक	वार्ड नं. 6, नगर निगम रोहतक में छोटू राम चौक से गोहाना अड्डा तक बिटुमिनस रोड की रिकार्पेटिंग।	11.12.2023 05.01.2024	39.54 लाख	https://etenders.hry.nic.in	xenmcrohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23428/I/88/6 दि. 15.12.23

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	एचएसएएमबी पानीपत	गांव गोयला खेड़ा से अधमी तक नये सम्पर्क रोड के निर्माण हेतु डीएनआईटी। रोड आईडी एच-9024 + 1 कार्य।	01.12.2023 21.12.2023	2.35 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	180266236 xenpnp2022.hsamb@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23426/I/88/6 दि. 15.12.23

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम सोनीपत	एम.सी. सोनीपत में कुमासपुर नंदीशाला में स्टॉर्म वाटर लाइन का प्रावधान व बिछाना + 4 कार्य।	बंद होने की तिथि 03.01.2024	3.58 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	1302260100 ajayirala45@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23425/I/88/6 दि. 15.12.23

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	एमआईसीएडीए डिवीजन, कैथल	ओ/एल आरडी 86010/एल सुडकान डिस्टी. पर यूजीपीएल बिछाकर वाटरकोर्स की पुनः स्थापना / रिमॉडलिंग + 1 कार्य।	13.12.2023 03.01.2024	1.42 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	01746-224337 xenkaithalcad@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23422/I/88/6 दि. 15.12.23

घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 9 फीसदी बढ़ी

नई दिल्ली। घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या नवंबर में नौ प्रतिशत बढ़कर 1.27 करोड़ से अधिक रही। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इंडिगो देश की सबसे बड़ी घरेलू विमानन कंपनी बनी रही। हालांकि नवंबर में इसकी बाजार हिस्सेदारी घटकर 61.8 प्रतिशत हो गई, जो अक्टूबर में 62.6 प्रतिशत थी। नवंबर में किसी भी अनुसूचित विमानन कंपनी का 'ऑन-टाइम परफॉर्मेंस' अंक 80 प्रतिशत से अधिक नहीं रहा।

राशिफल

मेष: मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

वृष: आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

मिथुन: आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

कर्क: आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

सिंह: मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्या: परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

तुला: आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

वृश्चिक: धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

धनु: वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

मकर: दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ: क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

मीन: नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

फोन करते ही जिन्दगी संवारे
खुदा ने चाहा तो किसी प्यार टूटने नहीं दूगां
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ
7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
मियां पठान बंगाली
गोल्ड मेडलिस्ट
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
7500542070
https://www.miyapathanjibangali.com

फाईनैंस

☞ MAHENDRA FINANCE COMPANY, काम हमारा विश्वास आपका सरकारी योजना, मुद्रा लोन (10+2), मार्कशीट, प्रोपेर्टी, पर्सनल, बिजनेस, मकान, 3 LAKH से 40 LAKH तक लोन। महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट ऑनलाइन सुविधा घर बैठे पायें। 2% ब्याज, 30% सब्सिडी। (10 मार्कशीट 24 घंटे 3 लाख का लोन) सिबिल खराब लोन पाएं, 93503 86748, पहले आएं पहले पायें

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ईएसआईसी ने अक्टूबर में जोड़े 17.28 लाख नए सदस्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने अक्टूबर में ईएसआई योजना के तहत 17.28 लाख नए कर्मचारियों को जोड़ा।

श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अक्टूबर 2023 में करीब 23,468 नए प्रतिष्ठान पंजीकृत हुए और ईएसआईसी की सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आए। बयान के अनुसार, नियमित वेतन पर रखे गए कर्मचारियों के ईएसआईसी के आंकड़ों से पता चलता है कि अक्टूबर में करीब 17.28 लाख नए कर्मचारियों को जोड़ा गया। युवाओं के लिए अधिक नौकरियों का सृजन हुआ। नए पंजीकरण में 25 वर्ष आयु वर्ग तक के 8.25 लाख कर्मचारी हैं। यह कुल कर्मचारियों का 47.76 प्रतिशत है।

आंकड़े के अनुसार, अक्टूबर में शुद्ध रूप से 3.31 लाख महिलाएं पंजीकृत हुई। अक्टूबर महीने में कुल 51 समलैंगिक समुदाय के कर्मचारियों को ईएसआई योजना के तहत पंजीकृत किया गया। नौकरियों का यह आंकड़ा अस्थायी है क्योंकि आंकड़ें संकलित करना निरंतर चलने वाली एक प्रक्रिया है।

भारत का निर्यात 2.83 फीसदी घटकर 33.9 अरब डॉलर

नई दिल्ली। भारत का निर्यात इस साल नवंबर में 2.83 प्रतिशत घटकर 33.90 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया, जो एक साल इसी महीने 34.89 अरब अमेरिकी डॉलर था। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह बात सामने आई। आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में आयात भी घटकर 54.48 अरब डॉलर रह गया, जबकि नवंबर 2022 में यह 56.95 अरब डॉलर था। देश का व्यापार घाटा नवंबर में 20.58 अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-नवंबर अवधि में निर्यात 6.51 प्रतिशत घटकर 278.8 अरब डॉलर रहा। वहीं इस अवधि में आयात 8.67 प्रतिशत गिरकर 445.15 अरब डॉलर रहा।

शब्द पहेली - 5365

बाएँ से दाएँ
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति, काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर, पराया, दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष, रूम-3
26. ठिकाना, नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

ऊपर से नीचे
2. तरुणाई, लड़कपन-3
4. सहायता, आधार-3
5. बीताना, यापन करना-4
6. दिखावा, पाखंड-4
7. जरुरत, स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध, लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर, सवेरा-3
24. सना हुआ, तर-4
25. छल, धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

शब्द पहेली - 5364 का हल

अ	ति	आ	व	श्य	क		का	रा	वा	स
ज	ल		र		म	छ	ली		र	मा
र		अ	दा	का	र		न	र		धा
अ	र	मा	न		बं	द		ज	मी	न
म		न		म	द	म	स्त		रा	
र	ज	त	प	ट		क	र	म	ज	ला
	प		ट	क	रा	ना		स		ल
मु	ना	दी		ना	ग		द	ल	ह	न
ला		प	री		गा	ड़ी	वा	न		पा
का	का		त	न	य		घ		न	ल
त	र	सा	ना		न	ग	र	भ	व	न

सूडोकु नवताल 5375

★★★★☆ कठिन

4							1	8
			6	7				2
			8					
	8	5						
	2			1			7	
						3	5	
					5			
1				4	7			
9	6							4

MANOJ SEKACHA, BANGALORE

सुडोकु नवताल - 5374 का हल

1	9	7	4	8	6	2	3	5
4	5	3	9	1	2	7	6	8
2	6	8	7	5	3	9	1	4
5	3	1	2	7	9	4	8	6
9	2	4	8	6	1	5	7	3
7	8	6	5	4	3	1	9	2
3	4	9	6	2	7	8	5	1
6	7	2	1	5	8	3	4	9
8	1	5	3	9	4	6	2	7

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

खबर संक्षेप

अहलावत सऊदी ओपन में 22वें स्थान पर

रियाद। वीर अहलावत ने पहले दौर में एक अंडर 70 का कार्ड खेला, जिससे वह 10 लाख डॉलर इनामी सऊदी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर के बाद संयुक्त 22वें स्थान पर हैं जो भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ है। भारत के ही एस चिक्कारंगप्पा और युवराज संधू ने इवन पार 71 का कार्ड खेला और यह दोनों संयुक्त 32वें स्थान पर हैं। थाईलैंड के चैपचाई नीरत सात अंडर 64 का स्कोर बनाकर पहले दौर के बाद बढ़त पर हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अजितेश संधू दो ओवर 73 का कार्ड खेलकर हनी बैसोया और करणदीप कोचर के साथ संयुक्त 60वें स्थान पर हैं।

अफ्रीका की पिचें स्पिनरों के अनुकूल

जोहानिसबर्ग। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि अपनी तेजी और उछाल के लिए मशहूर रहे दक्षिण अफ्रीका के विकेट

वर्तमान दौरे में स्पिनरों के भी अनुकूल हैं। कुलदीप ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 17 रन देकर 5 विकेट लिए। वह भुवनेश्वर कुमार के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं जिन्होंने टी20 में अंतरराष्ट्रीय मैचों में दूसरी बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया। अपना 29वां जन्मदिन मना रहे कुलदीप की शानदार गेंदबाजी से भारत ने यह मैच 106 रन से जीत कर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।

भारत फीफा रैंकिंग में 65वें पायदान पर

ज्यूरिख। भारतीय टीम शुक्रवार को जारी फीफा रैंकिंग में चार स्थान के नुकसान के साथ 65वें पायदान पर लुढ़क गई है। महिला विश्व कप विजेता स्पेन यूएफा नेशंस लीग के अंतिम चार में पहुंचने के बाद एक स्थान के सुधार के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। स्वीडन महिला विश्व कप के बाद अगस्त में जारी पिछली फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर था लेकिन अब पांचवें स्थान पर खिसक गया है। स्पेन इस महीने नेशंस लीग में अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहा। चार टीमों के इसी ग्रुप में स्वीडन तीसरे स्थान पर था। स्पेन पहली बार महिला फुटबॉल में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचा है। फीफा ने बताया कि 211 सदस्यों में से इस रैंकिंग में 192 को जगह मिली है।

मानवजीत, अंजुम राष्ट्रीय टीम में करेंगे वापसी

नई दिल्ली। अनुभवी निशानेबाज मानवजीत सिंह संधू और अंजुम मौदगिल अगले महीने क्रमशः

जकार्ता और कुवैत सिटी में होने वाले एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी करेंगे। राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं के लिए क्वालीफायर पांच से 18 जनवरी तक जकार्ता तो वही शॉटगन क्वालीफायर 12 से 23 जनवरी तक कुवैत सिटी में होंगे। भारत ने 20 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम को मैदान में उतारा है। इसके अलावा 12 निशानेबाज शॉटगन क्वालीफायर में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

पाकिस्तान को भारत से सीख लेने की जरूरत

कराची। पूर्व टेस्ट कप्तान सलमान बट का मानना है ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर शिकस्त देने के लिए पाकिस्तान को पड़ोसी भारत से सीख

लेनी चाहिए। पाकिस्तान मौजूदा समय में तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रहा है। श्रृंखला का पहला टेस्ट गुरुवार को पर्थ में शुरू हुआ। भारत 2016-17 सत्र से लगातार चार बार दोनों देशों के बीच खेली जाने वाली टेस्ट मैचों की श्रृंखला बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का विजेता रहा है।

जोकोविच ने आठवीं बार जीता आईटीएफ वर्ल्ड चैंपियन अवार्ड

लंदन। *नोवाक जोकोविच और आर्यना सबालेंका को इस सत्र में चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के एकल वर्ग में कम से कम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ के 2023 के विश्व चैंपियन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जोकोविच ने रिकॉर्ड आठवीं बार एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज रहते हुए सत्र का अंत किया। उन्होंने इस सत्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के खिताब जीतकर अपने कुल ग्रैंडस्लैम खिताब की संख्या 24 पर पहुंचाई। वह विंबलडन में उपविजेता रहे थे। जोकोविच ने आठवीं बार आईटीएफ विश्व चैंपियन का पुरस्कार हासिल किया और यह भी रिकॉर्ड है।*



सबालेंका को पहला खिताब

सबालेंका ने पहली बार यह पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के रूप में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। वह अमेरिकी ओपन में उपविजेता रही जबकि फ्रेंच ओपन और विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंची थी। वह सितंबर में पहली बार अपने करियर में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी। उन्होंने सत्र का अंत इगा स्वियातेक के बाद दूसरे नंबर पर रहते हुए किया।

क्रिकेट : महिला टीम ने पहली पारी में 428 और दूसरी पारी में बनाए 186/6 का स्कोर

दीप्ति के पंजे में इंग्लैंड के बल्लेबाज भारत के पास 478 रन की बड़ी बढ़त

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

दीप्ति शर्मा के हरफनमौला खेल से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र महिला टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली। अभी दो दिन का खेल बचा है और दूसरी पारी में अब तक 478 रन की बढ़त बनाने के बाद भारत के पास घरेलू सरजमीं पर पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट जीतने का मौका है। भारत ने पहली पारी में 428 रन और दूसरी पारी में छह विकेट पर 186 रन बनाए। इंग्लैंड की पहली पारी महज 136 रन पर सिमट गई।

दीप्ति ने भारतीय टीम की पहली पारी में 113 गेंद में 67 रन बनाकर टीम के स्कोर को 428 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने के बाद अपनी शानदार फिरकी से इंग्लैंड की बल्लेबाजी क्रम को झकझोर दिया। उन्होंने 5.3 ओवर में चार मेडन और सात रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे इंग्लैंड की पहली पारी महज 136 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड की टीम एक समय तीन विकेट पर 108 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद दीप्ति के कहर से उसकी पारी सस्ते में निपट गयी। टीम ने 10 रन के अंदर आखिरी छह विकेट गंवा दिए। स्नेह राणा ने 25 रन देकर दो जबकि रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर ने एक-एक विकेट चटकाए।

दूसरे दिन गिरे 19 विकेट

दिन का खेल आगे बढ़ने के साथ पिच से स्पिनरों को अधिक मदद मिल रही थी। असामान्य उछाल के कारण बल्लेबाजों को परेशानी कर सामना करना पड़ रहा था। भारत को दूसरी पारी में स्मृति मंधाना (26) और शेफाली वर्मा (33) ने 61 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन इंग्लैंड की स्पिन गेंदबाजों ने इसके बाद भारतीयों को परेशान किया। चार्ली डीन (68 रन पर चार विकेट) और अनुभवी सोफी एक्लेस्टोन (76 रन पर दो विकेट) ने विकेट लिए। जेमिमा रोड्रिग्स ने भी बल्ले से 27 रन का योगदान दिया। मैच के दूसरे दिन कुल 19 विकेट गिरे जिसमें भारत की पहली पारी के तीन विकेट शामिल है। इसमें से 15 विकेट स्पिनरों के नाम रहे।

भारत के चार विकेट शेष

भारत ने पहली पारी में 292 रन की बड़ी बढ़त लेने के बाद इंग्लैंड को फालोऑन करने की जगह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 186 रन बना लिए।

स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी	रन	गेंद	4	6
स्मृति मंधाना बो बेल	17	12	3	0
शेफाली वर्मा बो क्रॉस	19	30	4	0
शुभा का ब्रंट बो एक्सेलेटन	69	76	13	0
जेमिमा रौड्रिग्स बो बेल	68	99	11	0
हरमनप्रीत कौर रन आउट	49	81	6	0
यास्तिका का बेल बो डीन	66	88	10	1
दीप्ति का एक्लेस्टोन बो बेल	67	113	10	1
स्नेह राणा बो ब्रंट	30	73	5	0
पूजा वस्त्राकर नाबाद	10	45	2	0
रेणुका सिंह बो एक्लेस्टोन	01	07	0	0
राजेश्वरी का डंकली बो एक्लेस्टोन	0	5	0	0

अतिरिक्त : 32, कुल : 104.3 ओवर में 428/10
गेंदबाजी : क्रॉस 14-0-64-1, बेल 19-3-67-3, ब्रंट 11-4-25-1, फिलेर 15-1-84-0, डीन 19-1-67-1, एक्लेस्टोन 26.3-5-91-3

इंग्लैंड पहली पारी	रन	गेंद	4	6
टैमी ब्यूमोंट रन आउट	10	35	1	0
सोफिया डंकली बो रेणुका	11	10	2	0
नाइट पगबाधा वस्त्राकर	11	23	1	0
नेट स्किवेर ब्रंट बो स्नेह	59	70	10	0
डेनी व्याट का जेमिमा बो दीप्ति	19	24	4	0
एमी जोन्स का शेफाली बो दीप्ति	12	19	2	0
सोफी एक्लेस्टोन बो दीप्ति	00	02	0	0
चार्ली डीन बो स्नेह	00	09	0	0
केट क्रॉस का एवं बो दीप्ति	01	08	0	0
लौरेन फिलर बो दीप्ति	05	07	1	0
लौरेन बेल नाबाद	00	06	0	0

अतिरिक्त : 08, कुल : 35.3 ओवर में 136/10
गेंदबाजी : रेणुका 9-1-32-1, स्नेह राणा 6-0-25-2, वस्त्राकर 9-1-39-1, राजेश्वरी 6-0-25-0, दीप्ति 5.3-4-7-5

नंबर-10 की तरह नंबर-7 की जर्सी को भी किया गया रिटायर

धोनी को भी मिला सचिन जैसा सम्मान

बीसीसीआई का बड़ा फैसला... अब भारत के किसी खिलाड़ी को इन दोनों नंबर की जर्सियां नहीं मिल पाएंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने भारत के एक महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उनकी जर्सी नंबर-10 को रिटायर कर दिया था। अब बीसीसीआई ने भारत के पूर्व महान कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के जर्सी नंबर-7 को भी रिटायर कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई ने महेंद्र सिंह धोनी के सम्मान में उनके लोकप्रिय और आइकोनिक जर्सी नंबर-7 को रिटायर कर दिया है। इससे पहले बीसीसीआई ने सचिन तेंदुलकर की जर्सी नंबर-10 को 2017 में रिटायर किया था। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों को पहले ही यह सूचना दे दी है कि अब उनके पास नंबर-10 के साथ-साथ नंबर-7 की जर्सी पहनने का भी विकल्प नहीं बचा है। भारतीय क्रिकेट टीम के वर्तमान खिलाड़ियों और नए आने वाले सभी युवा खिलाड़ियों को बीसीसीआई ने सूचित कर दिया है कि महेंद्र सिंह धोनी के ऐतिहासिक जर्सी नंबर-7 को उपयोग ना करें। बीसीसीआई ने धोनी के द्वारा भारतीय क्रिकेट को दिए गए योगदान के कारण उनके जर्सी नंबर को रिटायर करने का निर्णय लिया है।

मेसी की छह जर्सी 78 लाख डॉलर में बिकी

न्यूयॉर्क। अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी की पिछले साल विश्व कप के दौरान पहनी गई छह जर्सी नीलामी में 78 लाख डॉलर में बिकी। नीलामी करने वाली संस्था सोथबी ने यह घोषणा की। सोथबी ने बताया कि मेसी ने इन शर्ट को कतर में 2022 में खेले गए फीफा विश्व कप के पहले चरण के मैचों में पहना था। इस साल खेल से जुड़ी वस्तुओं की नीलामी में यह सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाली वस्तु रही। अर्जेंटीना ने विश्व कप फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराकर अपना तीसरा खिताब जीता था। निर्धारित समय तक दोनों टीम 3-3 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया था। मेसी की इन शर्ट के लिए विजेता बोली लगाने वालों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

जमाल के छह विकेट से ऑस्ट्रेलिया 487 पर आउट, संभला पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶| पर्थ

तेज गेंदबाज आमिर जमाल ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही पारी में छह विकेट लेने का कारनामा करके ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां 500 रन तक पहुंचने से रोका। इसके बाद पाकिस्तान ने सतर्क शुरुआत करते हुए दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 53 ओवर में दो विकेट पर 132 रन बनाए। ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने 90 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन जमाल ने 111 रन देकर छह विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 487 रन ही बनाने दिए।

ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी का आकर्षण सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का शतक रहा। उन्होंने पहले दिन 211 गेंद पर 164 रन की पारी खेली थी। पाकिस्तान की टीम अभी ऑस्ट्रेलिया से 355 रन पीछे है। उसके बल्लेबाजों ने किसी तरह का जोखिम नहीं लिया। अब्दुल्ला शफीक (42) और इमाम उल हक (नाबाद 38) ने पहले टिकट के लिए 36.2 ओवर में 74 रन जोड़कर पाकिस्तान को सधी शुरुआत दिलाई। ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने शफीक को वॉर्नर के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। पाकिस्तान के आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज कप्तान शान मसूद (30) थे जिन्हें तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने विकेट के पीछे कैच कराया। स्टंप उखड़ने के समय इमाम 38 और नाइट वॉचमैन खुर्रम शहजाद सात रन पर खेल रहे थे।

अनोखे रिकार्ड की बराबरी

जमाल ने अपना पांचवा विकेट लेने के बाद पिच को चूमा। यह 1967 के बाद पहला अवसर है जबकि किसी विदेशी खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया में पदार्पण करते हुए पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। जमाल से पहले भारत के आबिद अली ने 1967 में एडिलेड ओवल में 55 रन देकर 6 विकेट लिए थे।

प्रियंका को ऑस्ट्रेलिया में अभ्यास की मिली मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल ने पैदल चाल की एथलीट प्रियंका गोस्वामी के ऑस्ट्रेलिया में कोच ब्रेंट वालेस की निगरानी में अभ्यास करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी

प्रियंका ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा के निकट स्थित प्रशिक्षण केंद्र में अभ्यास करेगी। उनको मिलने वाली वित्तीय सहायता में हवाई किराया, भोजन-आवास की लागत, खेल विज्ञान सहायता के लिए व्यय, कोचिंग शुल्क सहित अन्य खर्च शामिल होंगे।

आईडब्लएफ ग्रां प्री दो में 12वें स्थान पर रहे गुरदीप

दोहा। राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक गुरदीप सिंह ने यहां आईडब्लूएफ ग्रां प्री दो में पुरुषों के 109 किग्रा भार से अधिक के वर्ग में 12वें स्थान पर रहकर निराशाजनक प्रदर्शन किया। पंजाब के इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने कुल मिलाकर 340 किग्रा भार उठाया जो पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में उठाए गए वजन से 50 किग्रा कम था। गुरदीप ने राष्ट्रमंडल खेलों में 390 किग्रा भार उठाकर कांस्य पदक जीता था। कलाई की चोट के कारण इस साल अधिकतर प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाने वाले गुरदीप ने स्नैच वर्ग में 145 किग्रा और इसके बाद क्लीन एवं जर्क में 195 किग्रा वजन उठाया।

स्पेन ने भारतीय महिला टीम को 3-2 से हराया

एजेंसी ▶▶| वालेंशिया

भारतीय महिला हॉकी टीम को शुक्रवार को यहां पांच देशों के टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में बढ़त बनाने के बावजूद स्पेन से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए गुरजीत कौर (13वें मिनट) और संगीता कुमारी (14वें मिनट) ने एक-एक गोल किए। स्पेन के लिए सारा बैरियोस नवारो (दूसरे), पेट्रीसिया अल्वारेज नार्डिज (30वें) और जूलिया स्ट्रैपाटो गैरेटा (53वें) ने गोल दागे। स्पेन की टीम ने मैच की शुरुआत आक्रामक तरीके से की जिसका फायदा उन्हें दूसरे मिनट में ही मिल गया। नवारो के गोल से टीम में अपना खाता खोला। भारत ने हालांकि इसके बाद समय गंवाये बिना जवाबी हमला कर पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। गुरजीत कौर गोलकर इस अवसर को भुनाने में सफल रही। इसके तुरंत बाद संगीता कुमारी ने स्पेन की रक्षापंक्ति में सेंध लगाकर भारत को बढ़त दिला दी।

वेस्टइंडीज ने टी-20 में बनाई 2-0 की बढ़त, इंग्लैंड को 10 रन से दी मात

सेंट जॉर्ज। ब्रैंडन किंग के नाबाद अर्धशतक और अलजारी जोसेफ की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 10 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाई। इंग्लैंड ने टॉस जीत कर वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और जल्द ही उसका स्कोर 4 विकेट पर 54 रन कर दिया। सलामी बल्लेबाज किंग ने ऐसे में 52 गेंद पर नाबाद 82 रन बनाए जबकि कप्तान रोवमैन पावेल ने 28 गेंद पर तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से 50 रन बनाए जिससे वेस्टइंडीज ने 7 विकेट पर 176 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 7 विकेट पर 166 रन ही बना पाई। उसकी तरफ सैम कुरेन ने सर्वाधिक 50 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से जोसेफ ने 39 रन देकर तीन और अकील हुसैन ने 24 रन देकर दो विकेट लिए।

जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप : मजबूत स्पेन से सामना आज

कांस्य पदक मैच में पूरा दमखम दिखाएगा भारत

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

अब तक मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रही भारतीय टीम को अगर जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के शनिवार को होने वाले कांस्य पदक के मैच में मजबूत स्पेन को हराना है तो उसे जल्द से जल्द अपने खेल में सुधार करना होगा।

भारत ने गुरुवार को जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में 12 पेनल्टी कॉर्नर गंवाए जिससे इस मैच में उसे 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस पराजय से भारतीय टीम का मनोबल गिरा होगा, लेकिन अगर उसे पोडियम पर पहुंचना है तो स्पेन के खिलाफ अवसरों को भुनाना होगा। पूल चरण के मैच में स्पेन ने भारत को 4-1 से हराया था। स्पेन की टीम भी दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस के हाथों 1-3 से हार के कारण आहत होगी लेकिन वह कांस्य पदक जीतने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगी। भारतीय टीम भी इस प्रतियोगिता में चौथी बार पोडियम पर पहुंचने की कोशिश करेगी। उसने इस टूर्नामेंट में दो बार (होबार्ट में 2001 और लखनऊ में 2016) स्वर्ण पदक और 1997 में इंग्लैंड के मिल्टन केंस में रजत पदक जीता था। लेकिन उत्तम सिंह की अगुवाई वाली टीम को अगर इस सूची में शामिल होना है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत के लिए यह प्रतियोगिता मिश्रित सफलता वाली रही है।

उसने क्वार्टर फाइनल में विश्व की नंबर चार टीम नीदरलैंड को 4-3 से हराया था लेकिन छह बार के चैंपियन जर्मनी के खिलाफ उसके खिलाड़ी यह लय बरकरार नहीं रख पाए। भारतीय कप्तान उत्तम ने स्वीकार किया कि उन्होंने कई मौके गंवाए लेकिन साथ ही कहा कि उनके पास अब भी पोडियम पर पहुंचने का मौका है और वह इसके लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

स्पेन का पलड़ा भारी

जहां तक स्पेन की बात है तो उसकी टीम अभी तक इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह नहीं बना पाई है। उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2005 में रहा था जब उसकी टीम ने कांस्य पदक जीता था। भारत और स्पेन ने पुरुष जूनियर विश्व कप में अभी तक एक दूसरे के खिलाफ आठ मैच खेले हैं। इनमें से स्पेन ने पांच मैच में जीत दर्ज की है। इस बीच 2021 में भुवनेश्वर में उप विजेता रही जर्मनी की टीम फाइनल में फ्रांस का सामना करेगी। फ्रांस ने पिछली बार कांस्य पदक जीता था।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे, अम्बाला मंडल के अंतर्गत आने वाले 32 स्टेशनों/स्थानों पर "जन साधारण टिकट बुकिंग सेवक" की नियुक्ति हेतु आवेदन

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि० मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा 32 स्टेशनों पर, 03 वर्षों की अवधि के लिए जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक की नियुक्ति हेतु, इच्छुक उम्मीदवारों से, मोहरबंद निविदाएँ, आमंत्रित किए जाते हैं

1.	NIA संख्या एवं दिनांक	C-37/BKG/JTBS/UMB/06/Pt.-III, दिनांक 13/12/2023
2.	रेलवे की वैबसाइट	nr.indianrailways.gov.in
3.	आवेदन पत्र डाऊनलोड करने की प्रारम्भिक तिथि	18/12/2023
4.	आवेदन पत्र डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय	22/01/2024 को 14:00 बजे।
5.	आवेदन पत्र जमा करने की तिथि एवं समय	22/01/2024 को 10:00 बजे से 15:00 बजे तक।
6.	आवेदन जमा करने का स्थान	कार्यालय वरि० मंडल वाणिज्य प्रबंधक डी०आर०एम० कार्यालय, अम्बाला छावनी, हरियाणा–133001
7.	आवेदन पत्र खुलने की तिथि एवं समय	22/01/2024 को 15:30 बजे
8.	स्टेशनों के नाम	अम्बाला कैंट, चंडीगढ़, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, राजपुरा, सरहिन्द, कालका, पटियाला बठिंडा, उना हिमाचल, अबोहर, बराडा, अम्बाला सिटी धुरी, बरनाला, गीदडबाहा, जगाधरी वर्कशॉप, मंडी गोबिंदगढ़, चंडीमंदिर, शिमला, कुराली, रोपड, नंगलडैम, कीरतपुर साहिब, आनंदपुर साहिब, नाभा, खन्ना, रामपुरा फूल, मलौट, मलेरकोटला, संगरूर, सुनाम

आवेदन पत्र को वरि० मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी के कार्यालय से डिमांड ड्राफ्ट/नकद मे रूप में, रु० 1180/– (18% GST सहित) के आवेदन शुल्क के भुगतान के उपरान्त लिया जा सकता है। आवेदन पत्र को रेलवे वेबसाइट से डाउनलोड किये जाने की स्थिति में, आवेदन के साथ रु० 1000/– का डिमांड ड्राफ्ट/नकद लगाया जाना अनिवार्य होगा। डिमांड ड्राफ्ट, वरि० मंडल वित्त प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी के पक्ष में जारी किया जाना चाहिए। यदि आवेदन शुल्क नकद के रूप में जमा किया जाता है, तो इसे किसी भी नजदीकी रेलवे स्टेशन पर बुकिंग कार्यालय में जमा किया जाना चाहिए।

नोटः– 1. आवेदन शुल्क दिए बिना जमा किया गया आवेदन पत्र, मान्य नहीं होगा। 2. आवेदक को आवेदन पत्र हिंदी या अंग्रेजी में भरना व जमा करना होगा। यदि कोई आवेदक दोनों भाषाओं में आवेदन पत्र जमा करता है, तो रेलवे प्राधिकरण, आवेदन को अस्वीकार कर सकता है।

C-37/BKG/JTBS/UMB/06/Pt.-III, दिनांक 13/12/2023 **3941/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

जजों की कमी से कोर्टों में बढ़ रहे लंबित केस

सर्वोच्च न्यायालय को हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान का संरक्षक इसलिए कहा था क्योंकि वे चाहते थे कि देश की जनता को किसी प्रकार की तकलीफ न हो, शासन सुचारू रूप से चले, सबके मौलिक अधिकार सुरक्षित रहें, धर्म-जाति के नाम पर विवाद न हों। किसी भी देश में न्याय पर आधारित समाज की स्थापना में उस देश की न्यायपालिका की अहम भूमिका होती है। धर्म-निरपेक्ष एकीकृत भारत में सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता को अक्षुण्ण व आर्थिक विकास के अवसर को निरंतर बनाए रखना आवश्यक है, किन्तु आज यह सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है। ऐसे में न्यायपालिका की भूमिका पहले से कहीं ज्यादा व्यापक हो गई है, जिसमें न्यापालिका का कार्य एक विवाद निवारक तंत्र से कहीं अधिक बढ़ गया है। लेकिन अहम सवाल है कि क्या बदली हुई जरूरतों के हिसाब से न्यापालिका बदल पाई है? हमारा समूचा न्याय तंत्र इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर मानव संसाधन तक की भारी कमी से गुजर रहा है। देश की अदालतों में जजों की काफी कमी है, अदालतों का काम करने का तरीका औपनिवेशिककालिक है, अदालतों के बुनियादी ढांचे आधुनिक नहीं हो सके हैं, न्यायपालिका और कार्यपालिका के मध्य टकराव बढ़ता ही गया है, ऐसे अनेक प्रश्न हैं, जिनसे हमारी न्यायपालिका जूझ रही है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में आवाम को बताया है कि देश की अदालतों में एक दिसंबर तक पांच करोड़ से अधिक (5,08,85,856) मामले लंबित हैं, जिनमें उच्चतम न्यायालय में 80 हजार मामले पेंडिंग हैं। सभी 25 उच्च न्यायालयों में 61 लाख से अधिक और जिला व अधीनस्थ अदालतों में 4.46 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। कानून मंत्री ने यह भी बताया कि न्यायपालिका में न्यायाधीशों की कुल स्वीकृत संख्या 26,568 है, शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 है, वहीं उच्च न्यायालयों में यह आंकड़ा 1,114 न्यायाधीशों का है। जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 25,420 है। आज भारत की अदालतों में 6 हजार से ज्यादा जजों की कमी है। इनमें से 5 हजार जजों की कमी निचली अदालतों में है। देश में 10 लाख की आबादी पर सिर्फ 19 जज हैं। भारत में जज-आबादी का अनुपात 19.46 प्रति 10 लाख है। कोर्ट में लंबित केस व जजों की कमी के आंकड़े सरकार वर्ष दर वर्ष संसद में जारी करती रही है, पर जजों की भर्ती की प्रक्रिया सुस्त ही रही है। अगर जज ही पर्याप्त नहीं रहेंगे, तो मामलों की तेजी से सुनवाई कैसे होगी? सरकार को पता है कि देश की अदलातों में जजों की संख्या में भारी कमी है और पांच करोड़ से अधिक केस पेंडिंग हैं, इसके बावजूद अगर सरकार जजों की नियुक्ति पर जोर नहीं दे रही है, तो यह चिंता की बात है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य नयायाधीश टीएस ठाकुर जब सेवारत थे, तब उन्होंने जजों की कमी का उल्लेख करते हुए एक भावनात्मक भाषण दिया था। न्यायमूर्ति ठाकुर ने तब कहा था कि लंबित मामलों की भारी संख्या के निपटारे के लिए देश को 70 हज़ार से अधिक न्यायाधीशों की ज़रूरत है। उन्होंने अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा था कि अमेरिका में 9 जज पूरे साल में 81 केस सुनते हैं जबकि भारत में एक जज 2600 केस सुनता है। विदित हो कि 1987 में ही विधि आयोग ने सुझाव दिया था कि लंबित मामलों की समस्या से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए 44 हज़ार न्यायाधीशों की जरूरत है। भारतीय न्यायिक व्यवस्था पिछले करीब 36 वर्षों से जजों के अपर्याप्त संख्याबल से ही काम चला रही है। 'जस्टिस डिलेड इज़ जस्टिस डिनाइड', इसलिए जजों की कमी अविलंब दूर की जानी चाहिए, ताकि लंबित केसों की संख्या में भी कमी आए और नए केसों का अंबार भी नहीं लगे। भारत को एक व्यापक न्यायिक सुधार की आवश्यकता है।

आधी आबादी की सुरक्षा का सवाल

एनसीआरबी रिपोर्ट
योगेश कुमार गोयल

एनसीआरबी की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार देशभर में 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो(एनसीआरबी) की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार देशभर में 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' तथा ऐसे ही कई अन्य नारों के जरिए भले ही सरकार महिला सशक्तिकरण का कितना ही दंभ क्यों न भरे, परन्तु वास्तविकता यही है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामलों में कोई सुधार नहीं आया है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है। दूसरे राज्यों के मुकाबले उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में सर्वाधिक प्राथमिकी दर्ज हुई।

हालांकि महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में दिल्ली सबसे ऊपर है, जो लगातार तीसरे साल भी 19 महानगरों में सबसे आगे है। प्रायः सभी राजनीतिक दल चुनावों के दौरान घोषणा करते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे महिलाओं की सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित करेंगे, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। महिलाओं के प्रति अपराधों को लेकर हर साल सामने आते एनसीआरबी के आंकड़े हर बार बेहद अफसोसनाक तस्वीर प्रस्तुत करते हैं, जिनसे साफ पता चलता है कि महिलाएं स्वयं को कहीं भी सहज और सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। देश में शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बढ़ोतरी न हुई हो। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2022 में कुल 58,24,946 आपराधिक मामले दर्ज हुए, जिनमें से 4,45,256 मामले महिलाओं के खिलाफ अपराध के हैं। हैरान करने वाली बात है कि महिलाओं पर अपराध के मामलों में अधिकतर पति, प्रेमी, रिश्तेदार या कोई अन्य करीबी शख्स ही आरोपी निकले। इन मामलों में महिलाओं के पति या रिश्तेदारों द्वारा 31.4 फीसदी क्रूरता, 19.2 फीसदी अपहरण, 18.7 फीसदी बलात्कार की कोशिश और 7.1 फीसदी बलात्कार करने के मामले शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक देश में बलात्कार के कुल 31,516 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 5399 मामले राजस्थान में, 3690 मामले उत्तर प्रदेश, 3029 मध्य प्रदेश, 2904 महाराष्ट्र और 1787 मामले हरियाणा में दर्ज किए गए। महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में देश की राजधानी दिल्ली सबसे आगे है, जहां 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 14247 मामले दर्ज किए गए। यहां 2021 में 14277 और 2020 में 10093 ऐसे मामले दर्ज हुए थे। दिल्ली में अपराध की उच्चतम दर 144.4 दर्ज की गई है, जो देश की औसत अपराध दर 66.4 से बहुत ज्यादा है। उत्तर प्रदेश में दहेज के लिए 2138 और बिहार में 1057 महिलाओं की हत्या कर दी गई जबकि मध्य प्रदेश में 518, राजस्थान में 451 और दिल्ली में 131 महिलाओं की

हत्या दहेज के लिए की गई। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार प्रति एक लाख जनसंख्या पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2021 में 64.5 फीसदी से बढ़कर 2022 में 66 फीसदी हो गई, जिसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48,755 मामले दर्ज किए गए, जो 2021 के 43,414 मामलों की तुलना में 12.3 फीसदी ज्यादा हैं। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि तमाम दावों, वादों और नारों के बाद भी आखिर देश में ऐसे अपराधों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? यह कितनी बड़ी विडंबना है कि भारत जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को महत्त्व देने वाले देश में भी महिलाओं को भय के वातावरण में जीना पड़ता है। वे न अपने परिवार में, न आस-पड़ोस में और न ही बाहर के वातावरण में खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करती हैं।

राष्ट्रीय महिला आयोग के आंकड़े देखें तो इस साल 19 सितंबर तक ही आयोग में महिलाओं के खिलाफ अपराध की कुल 20,693 शिकायतें मिलीं, जो इस वर्ष के अंत तक काफी बढ़ने की संभावना है 2022 में आयोग को 30,957 शिकायतें मिली थीं, जो 2014 के बाद सर्वाधिक थी। 2014 में 30,906 शिकायतें दर्ज की गई थी। 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 30 हजार से ज्यादा शिकायतें मिली थी। आयोग ने तेजाब हमले, महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध, दहेज हत्या, यौन शोषण और दुष्कर्म जैसी कुल 24 श्रेणियों में शिकायत दर्ज की। सर्वाधिक शिकायतें गरिमा के साथ जीने के अधिकार को लेकर दर्ज की गई, उसके बाद घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, छेड़खानी और बलात्कार की शिकायतें हैं। दिल्ली में निर्भया कांड के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों पर लगाम कसने के लिए जिस प्रकार कानून सख्त किए गए थे, उससे लगा था कि समाज में संवदेनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्त्वों के हौसले पस्त होंगे, पर विडंबना है कि समूचे तंत्र को झकझोर देने वाले ऐसे कई मामले सामने आने के बाद भी हालात ऐसे हैं कि शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब महिला हिंसा से जुड़े अपराधों के मामले सामने न आते हों। ऐसे अधिकांश मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन का भी गैरजिम्मेदाराना और लापरवाही भरा रवैया ही सामने आता रहा है। यह निश्चित रूप से कानून-व्यवस्था और पुलिस-प्रशासन की उदासीनता का ही नतीजा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों में शायद ही कभी खौफ दिखता हो। सवाल यह है कि कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों, छेड़छाड़, मर्यादा हनन या फिर अपहरण, क्रूरता, आधी दुनिया के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका सबसे बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्त्वों पर अपेक्षित कड़ी कार्रवाई नहीं होती। स्पष्ट है कि केवल कानून कड़े कर देने से महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों पर लगाम नहीं कसी जा सकेगी। इसके लिए जरूरी है कि सरकारें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त दुरुस्त करने के साथ उसकी जबाबदेही सुनिश्चित करें। ऐसे मामलों में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का काम करती रही है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी की उम्मीद की जाए?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सारा संसार

विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी में स्थित है। काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। इस मंदिर को विश्वेश्वर के नाम से भी जाना जाता है। इस शब्द का अर्थ है 'ब्रह्मांड का शासक'। यह मंदिर 15 .5 मीटर ऊंचा है। वर्तमान मंदिर का निर्माण महारानी अहिल्या बाई होल्कर ने वर्ष 1780 में करवाया था। बाद में महाराजा रणजीत सिंह ने 1853 में 1000 किलो शुद्ध सोने से इसे बनवाया था। अभी वहां नया कोरिडोर बन रहा है।

धर्म को मनुष्य के भीतरी अनुभवों का हिस्सा होना चाहिए

संकलित
दर्शन

आध्यात्मिकता को धर्म के साथ जोड़ने की हमारी स्वाभाविक प्रवृत्ति है, इसलिए हमें मनुष्य के रूप में अपनी क्षमता और भीतरी रूपांतरण के महत्व को समझना जरूरी है। इसे मानसिक विकास की प्रक्रिया द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। मैं, कभी-कभी इसे जीवन का आध्यात्मिक आयाम कहता हूं। आध्यात्मिकता के दो स्तर होते हैं। इसका एक स्तर हमारे धार्मिक विश्वास से जुड़ा है। इस संसार में अनेक तरह के लोग, अनेक तरह की स्थितियां हैं। यहां सात अरब लोग हैं और एक तरह से मुझे लगता है कि हमारे यहां सात अरब धर्म होने चाहिए क्योंकि यहां इतने विभिन्न तरह के विन्यास मौजूद हैं। मेरा मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने अलग आध्यात्मिक मार्ग पर चलना चाहिए, जो उसके अपने मानसिक विन्यास, स्वाभाविक रुझान, चित्त प्रकृति, मत, परिवार और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के अनुसार हो। उदाहरण के लिए, बौद्ध भिक्षु होने के नाते, मुझे बौद्ध धर्म सबसे अनुकूल लगता है। इसलिए मेरे अपने लिए, बौद्ध धर्म सबसे अच्छा है। परंतु इसका यह अर्थ नहीं है कि बौद्ध धर्म सबके लिए सर्वश्रेष्ठ है। यह साफ बात है। यह निश्चित भी है। यदि मैं सोचूं कि बौद्ध धर्म ही सबके लिए अच्छा है तो यह मूर्खता होगी, क्योंकि अलग-अलग लोगों की सोच अलग होती है। इसलिए विभिन्न लोगों के लिए विभिन्न धर्मों की जरूरत है। धर्म का उद्देश्य लोगों को लाभ पहुंचाना है और मुझे लगता है, यदि एक ही धर्म होगा तो वह कुछ समय के बाद अधिक लोगों को लाभ नहीं दे सकेगा।

बच्चों को राम और कृष्ण की कहानी सुनाएं

संकलित
प्रेरणा

जया किशोरी कहती हैं कि बेड टाइम स्टोरी में आज के पैरेंट्स सिंड्रेला और स्नोबेल की कहानियां सुनाते हैं, लेकिन हमारे पास खुद इतनी कहानियां है. अपने बच्चों को बचपन से श्री राम और श्री कृष्ण की कथाएं सुनाएं. प्रभु की लीलाएं बताएं. इन लीलाओं का अर्थ बच्चों को बताएं। तभी बच्चे भगवान से प्रेम कर सकेंगे। सुंदरता का प्रेम कुछ समय का होता है। असली प्रेम स्वभाव से होता है. जब हमें किसी का स्वभाव पता चलता है, जब हम व्यक्ति के बारे में जानना शुरू करते हैं, तो हम उससे प्रेम करने लगते हैं। भगवान से प्रेम करने के लिए कथाओं के जरिए उनके स्वभाव का पता चलता है। तब जाकर ही भगवान से प्रेम होगा। राम के जन्म की बात करते हैं तो श्री राम के अवतार का ही नाम है मर्यादा पुरुषोत्तम। श्रीराम के लिए कई बार कहा जाता है, कि वह ये कर सकते थे, वो कर सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं है वो अपनी मनमानी नहीं कर सकते थे, इसलिए उनके अवतार का नाम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। वह मर्यादित रूप में आए थे। जो मर्यादा में बनाई गई हैं, जो नियम बनाए गए हैं। उसके अंदर रहकर ही उन्होंने काम किया। वह नियम तोड़ नहीं सकते थे। रावण को मारने के लिए वह तत्काल सेना बुला सकते थे। उन्हें वानरों की सेना बुलाने की जरूरत ही नहीं पड़ती। जिस दिन सीता माता का हरण हुआ, उसी दिन वह सेना बुला सकते थे। उस समय भी उन्होंने मर्यादाओं को नहीं तोड़ा। वनवास में आए हैं, तो एक बनवासी की तरह ही अपना जीवन जिएं, जो उनके पास है वह उसी की तैयारी करने लगे।

परम्परा

डॉ. मोनिका शर्मा

सादगी से विवाह का संदेश

हाल ही में चर्चित अभिनेता रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम की परंपरागत रीति-रिवाज से हुई शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया में छा गईं। चमक-दमक से परे इन छवियों में हमारे देश के एक हिस्से के सुंदर रंग नजर आए। बिग फैट इंडियन वेडिंग के दौर में अपने देश में, अपनों के बीच हुए इस वैवाहिक समारोह की मोहक छवियां कई मायनों में अहम रहीं। इस आयोजन में जड़ों से जुड़े रहने और परम्पराओं को पोसने का भाव नजर आया। हालिया बरसों में जब फिल्मों और खेल की दुनिया के चेहरे महंगी शादियों को प्राथमिकता दे रहे हैं, रणदीप और लिन की मणिपुर की सांस्कृतिक विवाह रस्म मैतई के जरिये संपन्न हुई शादी की तस्वीरों में दिखते भाव-चाव आम लोगों को बेहद मोहक लगे। यह समारोह विवाह योग्य युवक-युवतियों और उनके परिजनों में संदेश भी गया। दरअसल, एक नामी-गिरामी चेहरे की शादी से जुड़ा सरल सा आयोजन परंपरागत जीवन से जोड़ने के साथ ही सहजता को भी पोसने वाला कहा जाएगा। बीते कुछ बरसों से हमारे यहां शादियों की फिजूलखर्ची को सामाजिक और आर्थिक रुतबे से इस कदर जोड़ दिया गया है कि आम परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जाने-माने चेहरों की चलाई दिखावे की रीत कमोबेश समाज के हर तबके तक जा पहुंची। इसके चलते बने सामाजिक-मनोवैज्ञानिक दबाव ने इस मानसिकता को कम करने के बजाय और बढ़ावा ही दिया। पहले से आर्थिक विषमता के हालात से जूझते हमारे देश में वैवाहिक इंतज़ामों के खर्चे आम परिवारों के लिए बड़ी परेशानी बन गए। ऐसे में सफ़ेद धोती-कुर्ता पहने रणदीप और मणिपुरी दुल्हन के परंपरागत वैवाहिक परिधान पोटलोई पहने लिन का शानो-शौकत दिखाने के बजाय साधारण ढंग शादी करने के अंदाज़ ने इस शुभ कारज को और असाधारण बनाया। एक समय था जब शादी समारोह समाज को जोड़ने वाले परम्परागत आयोजन भर हुआ करते थे। परिवार और रिश्तेदारों से घिरे दूल्हा-दुल्हन और हंसते-खिलखिलाते परिजन। धीरे-धीरे रीति-रिवाज की जगह एक अजब-गजब धूम धड़ाके और सहज जुड़ाव का स्थान महंगी शादियों से जुड़े रुतबे ने ले लिया। इस फेर में रिश्तों में औपचारिकता और धन के प्रदर्शन को उकसावा ही मिला। सगे-संबंधियों के मेलजोल को पोसने वाले आयोजन महंगी सजावटों और बनावटी बर्ताव तक सिमट गए। हालिया बरसों में किसी सेलिब्रिटी ने विदेशी धरती पर भव्य आयोजन कर चर्चा में रहने का रास्ता चुना तो किसी ने देश में ही आर्थिक समृद्धि का दिखावा किया। इस दिखावे का आम लोगों की मानसिकता भी गहरा असर पड़ता है। ऐसे में नामी-गिरामी हस्तियों के घरों में शादी के कार्यक्रम का सहज आयोजन करना वाकई सराहनीय है। ऐसे समारोह सीधे-सीधे आमजन की मनःस्थिति पर असर डालते हैं। आर्थिक सम्पन्नता की चमक दिखाने का प्रयोजन बनने के बजाय परंपरागत जीवन से जोड़ने वाले उत्सव बन जाते हैं। यही वजह है कि इन दिनों हुए ये सादगी भरे वैवाहिक समारोह कई मोर्चों पर आमजन के लिए भी मिसाल बन गए हैं।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

अंतर्मन

आज की पाती

जैविक खेती की ओर

पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को देखते हुए हमें अब जैविक कृषि पर पर्याप्त जोर देना चाहिए। अभी स्थिति यह है कि चाहकर भी आम आदमी रासायनिक खाद से मुक्त जैविक शाक-सब्जी सुलभता से नहीं खरीद सकता। आज जिस तरह से बीमारियां बढ़ रही हैं, सेहत को लेकर हर कोई सावधान रहना चाहता है। ऐसे में, सभी लोग जैविक खाद्य उत्पादों का सेवन करना चाहते हैं। इसी वजह से बजट में जैविक कृषि पर जोर देने की वकालत की गई थी। जब तक किसानों को जैविक कृषि के लिए सुविधाएं नहीं दी जाएंगी, या विपणन व्यवस्था दुरुस्त करते हुए उनको सरकारी सहायता नहीं दी जाएगी, तब तक रासायनिक खाद का प्रयोग उनके लिए अनिवार्य रहेगा। **-शाहीन बेगम**, रायपुर

करंट अफेयर

गलती से निलंबन सूची में शामिल सांसद का नाम हटाया गया

संसद की सुरक्षा में हुई चूक मामले में सदन में हंगामा करने को लेकर कांग्रेस समेत विपक्ष के कई सांसदों को गुरुवार को संसद के शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया गया। इसमें एक ऐसे विपक्षी सांसद को भी सस्पेंड किया गया, जोकि संसद में थे ही नहीं। वे चेन्नई में मौजूद थे। हालांकि, बाद में सरकार ने साफ किया कि गलती से डीएमके सांसद एसआर पार्थिबन का नाम सस्पेंड किए गए सांसदों की लिस्ट में चला गया था। बाद में उनके नाम को हटा दिया गया, जिसके बाद कुल सस्पेंड किए गए सांसदों की संख्या 13 हो गई। इन सभी को सदन में अनियंत्रित आचरण के लिए निलंबित किया गया है। सस्पेंड किए गए सांसदों की लिस्ट में पार्थिबन का नाम आने के बाद डीएमके सांसदों ने इसकी शिकायत की थी। उन्होंने कहा था कि एसआर पार्थिबन सदन में भी नहीं थे और वह चेन्नई में हैं। इसके अलावा, कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने भी यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ' 'कल लोकसभा में जो हुआ वह अत्यंत चिंताजनक था। आज लोकसभा में जो हुआ वह बिल्कुल विचित्र है। तमिलनाडु के एक सांसद जो सदन में मौजूद भी नहीं थे और वास्तव में नई दिल्ली से बाहर थे, उन्हें कार्यवाही में बाधा डालने के लिए निलंबित कर दिया गया।

ऑफ बीट

भारत-मालदीव के टूट रहे रिश्ते जल सर्वे समझौता भी किया खत्म

करीब एक महीन पहले मालदीव ने भारत को अपने सैनिकों को वापस बुलाने के लिए कहा था। अब वहां के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार ने द्वीप के जल का हाइड्रोग्राफिक सर्वे को लेकर भारत के साथ पिछली सरकार के समझौते को रिन्यूअल नहीं करने का फैसला किया है। चुनाव प्रचार के दौरान इनकी पार्टी ने 'इंडिया आउट' का अभियान चलाया था। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के निमंत्रण पर मालदीव का दौरा किया था। 8 जून 2019 को दोनों देशों के बीच समझौता हुआ था। भारत को मालदीव के क्षेत्रीय जल का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के साथ-साथ चट्टानों, लैगून, समुद्र तट, समुद्री धाराओं और ज्वार के स्तर का अध्ययन और चार्ट बनाने की इजाजत दी गई थी। नई सरकार बनने के बाद यह पहला द्विपक्षीय समझौता है जिसे आधिकारिक तौर पर समाप्त किया जा रहा है। गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय में सार्वजनिक नीति के अवर सचिव मोहम्मद फिरुज़ुल अब्दुल खलील ने कहा कि मुइजू सरकार ने 7 जून 2024 को समाप्त होने वाले हाइड्रोग्राफी समझौते को रिन्यूअल नहीं करने का फैसला किया है।

ट्रेंड

दिल्ली का एम्स लाइट हाउस

दिल्ली का एम्स एक लाइट हाउस है। दिल्ली एम्स के मानक अन्य संस्थान भी फॉलो करें। यहां जो लोग इलाज के लिए आते हैं, उनके लिए यह अंतिम आस्था और श्रद्धा का केंद्र है।
-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

गुरु की मौलिक भूमिका

गुरु की मौलिक भूमिका शिक्षा और मार्गदर्शन देना नहीं है, बल्कि आपकी ऊर्जा को एक अलग संभावना में प्रज्वलित करना है।यदि आप हर किसी को और हर चीज़ को प्रेमपूर्वक देख सकते हैं, तो आपको परम तक ले जाना आसान होगा।
-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

अहंकार की पराकाष्ठा

संसद में सुरक्षा चूक पर एक टीवी चैनल से बात करने के लिए गृहमंत्री के पास समय था, लेकिन सदन में बयान देने से इनकार कर रहे हैं। यह अहंकार की पराकाष्ठा है जो उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है।
-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

शास्त्र बड़ा वैज्ञानिक

हमारी सनातन संस्कृति की कथाओं का प्रतीक शास्त्र बड़ा वैज्ञानिक है। उनका विस्तार इतना वृहद है कि हमारी चेतना बहुधा उन कथाओं के प्रतीकों में फंसकर रह जाती है। उनकी सार्थकता प्रतीकों को समझ कर जीवन मंगलमय बनाने में है।
-कुमार विश्वास, कवि

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

तेलंगाना के पूर्व सीएम की अस्पताल से छुट्टी

हैदराबाद (भाषा)। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को कूल्हा प्रतिरोपण सर्जरी के बाद शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। राव अस्पताल से यहां नंदी नगर स्थित अपने आवास पर जा रहे हैं। केसीआर के नाम से मशहूर भारत राष्ट्र समिति प्रमुख राव का आठ दिसंबर को यहां एक निजी सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में बाएं कूल्हे का प्रतिरोपण हुआ था।

नागपुर में कांग्रेस 28 को करेगी बड़ी रैली

नई दिल्ली(भाषा)। कांग्रेस 28 दिसंबर को अपना 139वां स्थापना दिवस समारोह नागपुर में आयोजित करने जा रही है। पार्टी नागपुर में एक बड़ी रैली का आयोजन भी करेगी, जिसमें पार्टी के सभी सीनियर नेता शिरकत करेंगे। इस रैली से कांग्रेस लोकसभा चुनाव-2024 का शंखनाद भी करेगी। कांग्रेस पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाली रैली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी शामिल होंगी।

मोइत्रा के निष्कासन पर 3 जनवरी को सुनवाई

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 3 जनवरी के लिए टल गई है। महुआ ने लोकसभा सदस्यता खत्म होने के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुनवाई शुरू होते ही बेंच के अध्यक्ष जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि उन्होंने याचिका को नहीं पढ़ा है।

संसद की सुरक्षा में चूकः नहीं थम रहा हंगामा, विपक्ष के विरोध-प्रदर्शन के बीच जोशी-बोले

उच्चस्तरीय जांच करवा रहे, सरकार किसी की आवाज नहीं दबा रही

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को कहा कि संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर एक उच्चस्तरीय जांच जारी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान और संसद के दोनों सदनों में चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों के विरोध प्रदर्शन के बीच जोशी ने यह टिप्पणी की। केंद्र सरकार की ओर से आवाज दबाने की कोशिश किए जाने से जुड़े विपक्षी दलों के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोई किसी की आवाज दबाने की कोशिश नहीं कर रहा है, यह उनका मत है। दो विधेयक शुक्रवार को कार्यसूची में शामिल किए गए थे। सोमवार को भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम को बदलने के लिए तीन महत्वपूर्ण विधेयक लाए जाएंगे। हम विस्तृत चर्चा चाहते हैं, हमने 15 घंटे आवंटित किए हैं।" वर्ष 2001 में संसद पर आतंकवादी हमले की बरसी पर बुधवार को एक बड़ी सुरक्षा चूक का मामला सामने आया जब दो व्यक्ति (सागर शर्मा और मनोरंजन डी) शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा के अंदर कूद गए और 'केन' से पीले रंग का धुआं छोड़ा। इस घटना पर गृह मंत्री के बयान की विपक्षी नेताओं की मांग के बीच जोशी ने कहा कि संसद भवन लोकसभा अध्यक्ष के दायरे में आते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों इमारतें लोकसभा अध्यक्ष के दायरे में आती हैं। हम लोकसभा अध्यक्ष के आदेश का पालन कर रहे हैं। उच्च स्तरीय जांच चल रही है। यह कहना कि हम सदन नहीं चलने देंगे...उन्हें (विपक्ष को) जिम्मेदारी से व्यवहार करना चाहिए।" भाजपा नेता एसपी सिंह बघेल ने विपक्ष पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। बघेल ने कहा कि विपक्ष जानबूझकर दोनों सदनों को चलने नहीं दे रहा है। लोस अध्यक्ष ने गृह मंत्री को लिखा है, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जांच की जाएगी कि वे किस विचारधारा से प्रभावित थे, उनकी क्या मंशा थी। गृह मंत्री ये विवरण सामने आने के बाद ही कोई बयान दे सकते हैं।

- विपक्षी दलों को जिम्मेदारी से व्यवहार करना चहिए सुरक्षा के मुद्दे पर किसी भी प्रकार की राजनीति ठीक नहीं

जांच पूरी होने पर बयान दे सकते हैं शाह

सभापति ने खड़गे व गोयल से की बात

हंगामे के बीच ही नेता सदन पीयूष गोयल ने कर्नाटक में कानून और व्यवस्था से जुड़ा कोई मुद्दा उठाने का प्रयास किया लेकिन शोर में उनकी बात सुनी नहीं जा सकी। हंगामा बढ़ता देख सभापति ने 11 बजकर 09 मिनट पर सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही स्थगित करने से पहले धनखड़ ने विपक्ष के नेता खड़गे, सदन के नेता गोयल और सदन के अन्य नेताओं से उनके कक्ष में मिलने को कहा।

कांग्रेस, आप व शिवसेना (ठाकरे) नेता बोले

गृह मंत्री, दिल्ली पुलिस सुरक्षा के लिए जिम्मेदार

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि गृह मंत्री दिल्ली पुलिस और देश की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। वह मीडिया चैनलों से बात कर रहे हैं। जब संसद सत्र चल रहा हो तो उनकी मुख्य जवाबदेही उस सदन के प्रति होती है जिसके वह सदस्य हैं। उन्हें आना चाहिए और बोलना चाहिए। यदि उन्होंने ऐसा किया होता तो यह संकट बहुत पहले दूर हो सकता था।" आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि विपक्षी दल जांच रिपोर्ट का इंतजार करने के लिए तैयार हैं, लेकिन गृह मंत्री को सदन में आकर इस घटना पर बयान देना चाहिए। चड्ढा ने कहा, "इस मुद्दे को लेकर सभी सांसद बहुत चिंतित हैं। यदि संसद सुरक्षित नहीं है, तो देश की सुरक्षा का क्या होगा? सांसदों को विश्वास में लें और जांच का ब्योरा साझा करें। क्या भाजपा के सांसद उस व्यक्ति को जानते हैं, क्या वह साजिश का हिस्सा थे या उन्हें छला गया? यहां कई सवाल हैं।" शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, "मेरा मानना है कि सिर्फ विपक्ष ही नहीं, सत्ता पक्ष के लोगों को भी गृह मंत्री से बयान देने का आग्रह करना चाहिए। एक तरफ, वे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन को वापस लेने की बात करते हैं, लेकिन वे संसद की भी रक्षा नहीं कर सकते।" कांग्रेस के नेता कार्ति चिदम्बरम ने भी इसी तरह की बात कही। कार्ति ने कहा कि शुक्रवार को सदन को मशहूर फर्राटा धावक उसैन बोल्ट से भी अधिक गति के साथ स्थगित कर दिया गया। कार्ति ने कहा कि शाह सदन में आकर यह बता सकते थे कि वे कौन से कदम उठाने जा रहे हैं।

गंभीर विषय पर राजनीति न करें

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राज्यों में चुनाव हारने के बाद विपक्ष सदन की कार्यवाही रोकने के लिए बहाने ढूंढ रहा है। वे बाधाएं पैदा कर रहे हैं, जबकि सदन के अध्यक्ष ने विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों से बात की, उनके सुझाव लिए औरसुरक्षा में सुधार का आश्वासन भी दिया। यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, वे राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं।

दुबे की कांग्रेस को खरी-खरी

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि डूब मरो कांग्रेसियों। 11 अप्रैल 1974 में पिस्तौल के साथ घुसने वाले शख़्स की कहानी,भाजपा/जनसंघ या तत्कालीन विपक्ष ने इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाया। लोस अध्यक्ष का इस्तीफा नहीं मांगा? पीएम-गृहमंत्री का जिक्र तक नहीं किया।

हर बात का जवाब देंगे शाह : गिरिराज

संसद की सुरक्षा में सेंधमारी को लेकर विपक्ष लगातार केंद्रीय गृह मंत्री शाह के बयान की मांग कर रहा है। इसको लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि समय आने दीजिए वो हर एक चीज का जवाब देंगे। विपक्ष के लोग तो संसद को गिरवी रखना चाहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, टुकड़े-टुकड़े गैंग गृह मंत्री से जवाब मांग रहा है। जांच पूरी होने दीजिए, टुकड़े-टुकड़े गैंग को करारा जवाब मिलेगा।

लोकसभा में कानून मंत्री ने दी जानकारी

देशभर की अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबितः मेघवाल

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

देश की विभिन्न अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं, जिनमें उच्चतम न्यायालय में लंबित 80,000 मामले शामिल हैं। यह जानकारी शुक्रवार में लोकसभा को दी गयी। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि एक दिसंबर तक देश की विभिन्न अदालतों में 5,08,85,856 मामले लंबित थे, जिनमें सभी 25 उच्च न्यायालयों में लंबित 61 लाख से अधिक मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिला और अधीनस्थ अदालतों में 4.46 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। मंत्री ने यह भी बताया कि भारतीय न्यायपालिका में न्यायाधीशों की कुल स्वीकृत संख्या 26,568 है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 है, वहीं उच्च न्यायालयों में यह आंकड़ा 1,114 न्यायाधीशों का है। जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 25,420 है।

निलंबित सांसदों का संसद परिसर में प्रदर्शन



नई दिल्ली (भाषा)। शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किए गए विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इन सांसदों ने हाथों में तख्तियां लेकर संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष और संसद भवन के मकर द्वार के निकट धरना दिया। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी भी निलंबित सांसदों के प्रदर्शन में शामिल हुईं।

अराजकता की सनक लोकतंत्र के संकल्प को बंधक नहीं बना सकतीः नकवी

पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने लोकसभा की दर्शक दीर्घा से दो लोगों के सदन में कूदने की घटना की पृष्ठभूमि में शुक्रवार को कहा कि "सामंती अराजकता की सनक" संवैधानिक लोकतंत्र के संकल्प को बंधक नहीं बना सकती। उन्होंने यहां 'सांविधानिक तथा संसदीय अध्ययन संस्थान" द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में यह भी कहा कि संवैधानिक अधिकारों के तंत्र और कर्तव्यों के मंत्र से ही भारत विश्व का महानतम जनतंत्र बना है।

भाजपा सांसदों का परिसर में प्रदर्शन

नई दिल्ली। कर्नाटक से ताल्लुक रखने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों ने बेलगावी में एक महिला को निर्वस्त्र घुमाए जाने की घटना के खिलाफ शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया।

गुजरात में आप के 43 पदाधिकारियों ने एक साथ दिया इस्तीफा

भरूच(एजेंसी)। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनावी नतीजों में आप का उतना अच्छे परणिाम नहीं ला सकी जितनाा पार्टी की तरफ से दावा किया जा रहा था। 3 राज्यों में विधानसभा चुनाव में आप को नोटा से भी कम वोट मिले। लोकसभा चुनावों की तैयारियों में जुटने ही वाली थी कि गुजरात से पार्टी से एक साथ 40 से ज्यादा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सामूहकि रूप से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे गुजरात के भरूच जिले से आए हैं। आप के गुजरात प्रमुख इशुदान गढ़वी और आप अल्पसंख्यक विंग के अध्यक्ष अमजद खान पठान ने यह जानकारी दी है। यह इस्तीफा विसावदर विधानसभा क्षेत्र से आप विधायक भूपत भयानी के विधानसभा से इस्तीफा देने के ठीक एक दिन बाद आए हैं। भरूच में आप के जिला अध्यक्ष पीयूष पटेल ने इस्तीफों पर कहा कि इस्तीफा देने वाले कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव के बाद पार्टी में निष्क्रिय थे। नतीजतन, उन्हें नए संगठनात्मक ढांचे में समायोजित नहीं किया गया।

शिवसेना विधायकों की अयोग्यता पर सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर को दी 10 जनवरी तक की मोहलत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित शिवसेना विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला सुनाने के लिए 10 जनवरी तक का समय दिया है। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि एकनाथ शिंदे के खेमे के विधायकों और खुद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिकाओं पर अंतिम फैसला महाराष्ट्र स्पीकर को लेना होगा।

उद्धव गुट कर रहा जल्द फैसला लेने की मांग

उद्धव ठाकरे गुट अपने बागी विधायकों की अयोग्यता पर जल्द फैसला लेने की लगातार मांग स्पीकर से कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद स्पीकर ने दोनों पक्षों की तरफ से पेश किए गए दावों के बाद कुल 54 विधायकों को नोटिस जारी किए थे। इसके बाद विधानसभा में सुनवाई शुरू की थी। इसमें सीएम एकनाथ शिंदे का नाम भी शामिल है।

धोनी की याचिका पर पूर्व आईपीएस को 15 दिन कारावास की सजा

चेन्नई (भाषा)। मद्रास उच्च न्यायालय ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी जी संपत कुमार को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की ओर से दायर अदालत की अवमानना के एक मामले में शुक्रवार को 15 दिन के कारावास की सजा सुनाई। हालांकि, न्यायमूर्ति एस एस सुंदर और न्यायमूर्ति सुंदर मोहन की खंडपीठ ने सजा को 30 दिन के लिए निलंबित कर दिया ताकि संपत कुमार को सजा के खिलाफ अपील दायर करने का मौका मिल सके। धोनी ने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के खिलाफ कथित रूप से अवमानना वाले बयान देने के लिए आईपीएस के खिलाफ अदालत की अवमानना का मामला दर्ज कराया था। धोनी ने आईपीएल सट्टेबाजी में नाम लिए जाने को लेकर 2014 में मानहानि का केस दायर किया था।

सरपंच से राजनीतिक शुरु कर ऐसे सीएम पद तक पहुंचे भजन लाल

भाषा ▸▸ जयपुर

बीते मंगलवार की दोपहर तक किसी को अंदाजा नहीं था कि भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों के फोटो सेशन में पीछे वाली कतार में खड़ा व्यक्ति कुछ ही मिनट बाद राज्य की राजनीति के केंद्र में होगा। भजनलाल शर्मा की मंगलवार को कहानी कुछ ऐसी ही रही। उन्हें भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया और इसके साथ ही वह राज्य की राजनीति के केंद्र में आ गए। भरतपुर की ग्राम पंचायत के सरपंच रहे शर्मा अब राजस्थान के मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने शुक्रवार को यहां ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल के सामने आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पद व गोपनीयता की शपथ ली। भजनलाल शर्मा पहली बार विधायक बने हैं। पार्टी के प्रदेश महासचिव शर्मा सुर्खियों से दूर रहकर काम करने के लिए जाने जाते हैं।

शर्मा संघ से जुड़े रहे

57 वर्षीय शर्मा संघ से जुड़े रहे हैं और 1992 में श्रीराम जन्मभूमि भूमि आंदोलन के दौरान जेल भी जा चुके हैं। 34 साल के करियर के दौरान विभिन्न पदों पर कार्य किया है। शर्मा ने शुरुआती पढ़ाई भरतपुर के अटारी गांव और नदबई कस्बे में पूरी की। 1990 में एबीवीपी के कश्मीर मार्च में सक्रिय रूप से भाग लिया और गिरफ्तारी दी। वह 1992 में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान जेल भी गए। 1991-92 में भाजयुमो में जिम्मेदारी मिली और करियर ने नई रफ्तार पकड़ी।

ऐसा है सफर

वह पहली बार 27 साल की उम्र में सरपंच चुने गए थे। वह दो बार सरपंच और एक बार पंचायत समिति सदस्य चुने गए। वह भाजपा के भरतपुर जिला सचिव और जिला अध्यक्ष बनने से पहले तीन बार भाजयुमो जिला अध्यक्ष रहे। गृह नगर भरतपुर को छोड़कर, शर्मा ने जयपुर मुख्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में पार्टी का प्रतिनिधित्व किया। शर्मा के पास राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री है और उनका व्यवसाय कृषि है। पार्टी नेताओं का कहना है कि शर्मा नियमित रूप से मथुरा में गोवर्धन-गिरिराज परिक्रमा में जाते हैं जहां नड्डा भी आते थे और दोनों के बीच मुलाकात होती थी। शर्मा तब भरतपुर में जिला अध्यक्ष थे। यहीं से वे नड्डा की नजर में आए। उन्होंने 2021 में बंगाल विस चुनाव में प्रचार के दौरान शाह के सहयोगी के रूप में काम किया और कहा जाता है कि शाह उनके काम से प्रभावित हुए। राज्य चुनाव 115 सीटों पर जीत मिली।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प रोहतक	झज्जर जिले में गांव पटौदा में नये लोनिवि विश्राम गृह और 2 अदद 550 वर्गफुट श्रेणी-IV आवास का निर्माण (इलैक्ट्रिकल अपलाइंसेज का प्रावधान केवल) + 2 कार्य।	13.12.2023 03.01.2024	120.42 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9818025971 pwd-eeed-rothak@hry.nic.in
2	लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट	कुरुक्षेत्र जिले में 2 अदद ज्यूडिशियल कोर्ट पेहोवा में 1 अदद 13 पैसेंजर पब्लिक लिफ्ट का प्रावधान + 2 कार्य।	14.12.2023 20.12.2023	33.22 लाख	https://etenders.hry.nic.in	0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in
3	लोनिवि भ व प करनाल	करनाल जिले में रखरखाव उपमण्डल, लोनिवि भ व प शाखा करनाल के तहत स्टोन मैटल (जी-II) 53 मिमी से 22.4 मिमी के प्रावधान व बिछाने हेतु वार्षिक रखरखाव आकलन।	14.12.2023 21.12.2023	8.40 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in
4	जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा	रानियां टाउन - रानियां कस्बे में सीवर की गाद निकालने हेतु एक अदद हाई प्रैशर जैटिंग मशीन और एक अदद हाईड्रोलिक ऑपरेटेड मैनहोल डिसिल्टिंग ग्रैब मशीन की आपूर्ति और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।	13.12.2023 22.12.2023	14.45 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in
5	पंचायती राज सोनीपत	गांव सलीमपुर ट्रौली ब्लॉक सोनीपत में मंदिर वाला तालाब पर गऊघाट का निर्माण, सी.एम. कोड 25284 + 5 कार्य।	14.12.2023 20.12.2023	26.15 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9996001199 vijaypal2315@gmail.com
6	पंचायती राज गन्नौर, सोनीपत	गांव बजाना कलां में ठोस कचरा प्रबंधन शैड का निर्माण + 5 कार्य।	बंद होने की तिथि 19.12.2023	50.26 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416721433 sdoprganaur1@gmail.com
7	पंचायती राज सोनीपत	गांव भटगांव डूंगारों ब्लॉक सोनीपत में बाल्मकि चौपाल का निर्माण + 5 कार्य।	12.12.2023 18.12.2023	56.32 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9996001199 vijaypal2315@gmail.com
8	पंचायती राज गोहाना, सोनीपत	कब्रिस्तान (कैलाना खास) में चारदिवारी का निर्माण + 9 कार्य।	13.12.2023 18.12.2023	70.75 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416051838 jitendersingh838@gmail.com
9	पंचायती राज सोनीपत	गांव कथूरा में अंकित पुत्र यशपाल से काला पुत्र छितर सिंह फार्म तक ऐज पेविंग रास्ता पर ब्रिक का निर्माण + 7 कार्य।	बंद होने की तिथि 21.12.2023	128.54 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416391006 prexeeng.snp@gmail.com
10	पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी	गांव बिलावल, मांढी पिरानु, डोहका दिना, चांदवास, कान्हरा ब्लॉक बाढड़ा, जिला चरखी दादरी में बस क्यू शेल्टर का निर्माण + 27 कार्य।	12.12.2023 20.12.2023	135.20 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com
11	पंचायती राज मोरनी पंचकूला	नैता एचजीवीवाई गांव - आमरी मोफाल गली और आर/वॉल का निर्माण, गांव रेवड़ी बाग - जीपी भोज नैता - ब्लॉक मोरनी गली और आर/वॉल का निर्माण + 1 कार्य।	14.12.2023 20.12.2023	17.03 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416055244 dharambirsai@gmail.com
12	पंचायती राज मुंडलाना, सोनीपत	गांव इशापुर खेड़ी में फूल सिंह तालाब के गऊ घाट का निर्माण + 9 कार्य।	13.12.2023 19.12.2023	75.97 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416050239 Kram8175@gmail.com
13	पंचायती राज करनाल	गांव कुरलुन, ब्लॉक मुनक में ई-लाइब्रेरी हेतु भवन का अपग्रेडेशन + 3 कार्य।	11.12.2023 25.12.2023	13.09 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in
14	पंचायती राज करनाल	गांव खिजराबाद में राहड़ा रोड से लालैन रोड तक गली की पेवमेंट हेतु कच्चा लागत आकलन + 4 कार्य।	11.12.2023 25.12.2023	44.32 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in
15	पंचायती राज रोहतक	गांव रूड़की (बी.एस.) में कृष्ण के मकान से दादा भीम के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण + 11 कार्य।	13.12.2023 21.12.2023	51.84 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9812084342 SDOPRROHTAK134@GMAIL.COM
16	पंचायती राज पुण्डरी, कैथल	देस्सा खादरी चौपाल (डुलयानी) को पूरा करना + 3 कार्य।	14.12.2023 21.12.2023	26.87 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8398020009 Sdoprpundri@gmail.com
17	पंचायती राज बरवाला, पंचकूला	बुंगा : गांव बुंगा, ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में पुरानी क्षतिग्रस्त सीसी आईपीबी गली के ऊपर गुरमैल चोपड़ा से प्यारा राम तक सीसी गली की पेवमेंट।	14.12.2023 20.12.2023	13.33 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9216213141 naveen_cherwal@yahoo.co.in
18	पंचायती राज मोरनी, पंचकूला	1. गांव चैला जीपी जबयाल में पानी की टंकी का निर्माण, 2. गांव गवाही जीपी थानडोग में आंगनवाड़ी के निकट आर/वॉल का निर्माण, 3. गांव ज्योग जीपी थानडोग में बावड़ी का निर्माण, 4. गांव मलोन जीपी थानडोग में बावड़ी में मरम्मत का निर्माण, 5. ब्लॉक मोरनी पीएस में गांव थाली जीपी थानडोग के निकट शमशान घाट में आयरन शैड का निर्माण।	14.12.2023 21.12.2023	5.69 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416055244 dharambirsai@gmail.com
19	पंचायती राज करनाल	गांव रत्ताक, ब्लॉक असंध में लोनिवि रोड से सुखदेव सिंह पुत्र इन्द्र सिंह के खेत तक किनारे पर सूखी ईंट पर रास्ता का निर्माण, स्कीम सी.एम. घोषणा और गांव रत्ताक ब्लॉक असंध में लोनिवि रोड से नरवीर सिंह तक किनारे पर सूखी ईंट पर रास्ता का निर्माण, स्कीम सी.एम. घोषणा और गांव रत्ताक ब्लॉक असंध में सिशा सिंह वाला किनारे पर सूखी ईंट पर रास्ता का निर्माण, स्कीम सी.एम. घोषणा + 5 कार्य।	11.12.2023 25.12.2023	58.05 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in
20	पंचायती राज करनाल	गांव ठारी ब्लॉक असंध में निरशावर सिंह से सिशा सिंह तक किनारे पर सूखी ईंट पर रास्ता के निर्माण की कच्चा लागत, स्कीम सी.एम. घोषणा और गांव ठारी ब्लॉक असंध में लोनिवि रोड से दलीप सिंह तक किनारे पर सूखी ईंट पर रास्ता के निर्माण की कच्चा लागत, स्कीम सी.एम. घोषणा और गांव ठारी ब्लॉक असंध में कैनाल के साथ-साथ लोनिवि से डेरा अमृत पाल तक किनारे पर सूखी ईट पर रास्ता का निर्माण, स्कीम सी.एम. घोषणा + 9 कार्य।	12.12.2023 26.12.2023	78.44 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in
21	पंचायती राज नागपुर, फतेहाबाद	नूरकी अहली (जीपी.) गांव नूरकी अहली ब्लॉक नागपुर, जिला फतेहाबाद में राजकीय विद्यालय में आईएलपीबी रास्ता का निर्माण + 2 कार्य।	13.12.2023 23.12.2023	21.90 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9315405500 sdoprnagpur@gmail.com
22	पंचायती राज फतेहाबाद	हैदरवाला - गांव हैदरवाला, ब्लॉक टोहाना, जिला फतेहाबाद में गुरूद्वारा के निकट हेतु सोलर लाइट्स की स्थापना, आरसीसी बैंचेज, कर्ब को बिछाना और व्हाइट वॉशिंग + 7 कार्य।	13.12.2023 20.12.2023	20.67 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in
23	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, सिरसा	आरडी 40700 / आर गिगोरानी डिस्टी. पर आरडी 6000 से 0 आउटफॉलिंग तक गांव शकर मंदोरी में बाढ़ / भरे हुए पानी को निकालने के लिए अंडर ग्राउंड आरसीसी एनपी2 पाइप लाइन ड्रेन का निर्माण + 2 कार्य।	बंद होने की तिथि 02.01.2024	93.91 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9729357000 xennehrana@yahoo.com
24	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, झज्जर	गुराना सब माइनर के कि.मी. 2.332 से 5.782 तक यूजी आरसीसी पाइप लाइन 600 मिमी आई/डाया बिछाने के माध्यम से गुराना सब माइनर का विस्तार।	बंद होने की तिथि 25.12.2023	111.4 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416762376 xenrlidivjjr@gmail.com
25	स्वास्थ्य विभाग हरियाणा, हिसार	एम्बुलैंस और अन्य के ट्यूबलैस टायर्स की आपूर्ति।	14.12.2023 26.12.2023	ईएमडी 10000/-	https://etenders.hry.nic.in	7015994459 dhs.cshsr@hry.nic.in
26	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, रोहतक	आरडी 13000 से 61000 तक पातुवास डिस्टी. की आंतरिक सफाई हेतु आकलन, दिस. 2023 + 2 कार्य।	बंद होने की तिथि 21.12.2023	2.56 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896410404 xenfdrtk@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2024/520/23455/I/88/6 दि. 15.12.23

दिल्ली सरकार-एलजी विवाद शीर्ष अदालत में क्यों लाएं

अनुच्छेद 226 के तहत याचिकाएं सुको में लाने पर सीजेआई नाराज

डीसीपीसीआर ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को टिप्पणी की कि दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल (एलजी) के बीच 'हर विवाद' को शीर्ष अदालत में क्यों लाया जाना चाहिए। इसके साथ ही न्यायालय ने दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) को अपनी शिकायत लेकर उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा। डीसीपीसीआर ने अपनी निधि को कथित तौर पर रोके जाने को लेकर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने कहा, ''यह क्या हो रहा है, दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच हर विवाद अनुच्छेद 226 के तहत एक याचिका के रूप में यहां आ रहा है।'' संविधान का अनुच्छेद 226 कुछ रिट (परमादेश) जारी करने की उच्च न्यायालयों की शक्ति से संबंधित है।

पीठ ने डीसीपीसीआर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन से कहा, ''दिल्ली उच्च न्यायालय जाइये। हमें यहां (अनुच्छेद) 32 के तहत याचिका पर विचार क्यों करना चाहिए।'

- याचिका को संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत याचिका के रूप में पुन: क्रमांकित किया जाएगा
- हमें यहां (अनुच्छेद) 32 के तहत याचिका पर विचार क्यों करना चाहिए

शंकरनारायणन बोले- डीसीपीसीआर एक स्वतंत्र आयोग है, सदस्यों का कार्यकाल समाप्त

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच का मामला हर दो दिन में यहां आ रहा है। बस मार्शल योजना बंद कर दी गई और हमें (अनुच्छेद) 32 के तहत एक याचिका मिली।'' शंकरनारायणन ने कहा कि डीसीपीसीआर एक स्वतंत्र आयोग है और इसके सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल आयोग नये सिरे से उच्च न्यायालय जाने की स्थिति में नहीं है। शुक्रवार को याचिका का निपटारा करते हुए पीठ ने कहा कि याचिका को संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत याचिका के रूप में पुनः क्रमांकित किया जाएगा।

व्यापक संवैधानिक मुद्दों संबंधी याचिकाओं पर विचार

अब आप उच्च न्यायालय जाएं

शंकरनारायणन ने कहा कि आयोग द्वारा दाखिल याचिका दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच अब तक शीर्ष अदालत में आए अन्य विवादों से थोड़ी अलग है। उन्होंने कहा, ''यह एक आयोग है और आयोग का पैसा रोक दिया गया है।'' प्रधान न्यायाधीश ने उन्हें बताया कि शीर्ष अदालत ने व्यापक संवैधानिक मुद्दों से संबंधित याचिकाओं पर विचार किया है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, ''अब उच्च न्यायालय जाएं।

मणिपुर हिंसा: प्रार्थना स्थलों की सुरक्षा के लिए उठाए कदमों की जानकारी मांगी

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर सरकार को अदालत द्वारा नियुक्त समिति को राज्य में सार्वजनिक प्रार्थना स्थलों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देने का शुक्रवार को निर्देश दिया। मणिपुर में मई में भड़की जातीय हिंसा में अब तक 170 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने प्रार्थना स्थलों के जीर्णोद्धार के मुद्दे पर विचार करते हुए कहा कि राज्य सरकार हिंसा के दौरान क्षतिग्रस्त किए गए धार्मिक स्थलों की पहचान करने के बाद एक व्यापक सूची दो सप्ताह के भीतर समिति को सौंपे। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहे। पीठ ने स्पष्ट किया कि ऐसी संरचनाओं की पहचान में सभी धार्मिक स्थल शामिल होंगे।

रक्षा मंत्रालय का बीईएल के साथ 5,300 करोड़ से अधिक का करार

नई दिल्ली(भाषा)। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के वास्ते 10 साल की अवधि के लिए इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज की खरीद के लिहाज से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड (बीईएल) के साथ शुक्रवार को 5,300 करोड़ रुपये से अधिक का करार किया। इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज मध्यम से भारी कैलिबर वाली तोपों का एक अभिन्न पुर्जा है।मंत्रालय ने कहा कि तोपों के इस्तेमाल के लिए फ्यूज की खरीद की जा रही है। उसने कहा कि ये तोप उत्तरी सीमाओं पर ऊंचाई वाले इलाकों समेत विभिन्न तरह के भूभाग में घातक वार करने में सक्षम हैं। उसने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने 15 दिसंबर को 10 साल की अवधि के लिए भारतीय सेना के वास्ते इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज की खरीद के लिहाज से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, पुणे के साथ ऐतिहासिक समझौते पर दस्तखत किए।

सीजीएचएस के दायरे में आने वाले शहरों की संख्या 100 की जाएगी: मांडविया

भाषा ▶▶ संयुक्त राष्ट्र

गाजा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि देश में केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के दायरे में आने वाले शहरों की संख्या आगामी दिनों में वर्तमान 80 से बढ़ाकर 100 की जाएगी। मांडविया ने शुक्रवार को दिल्ली में राष्ट्रीय क्षय रोग और श्वसन रोग संस्थान में सीजीएचएस के तीन वेलनेस केंद्र और एक रोबोटिक सर्जरी इकाई का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में

अलकनंदा, रोहिणी सेक्टर-6 और वसंत विहार में तीन वेलनेस केंद्र स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेंगे। मंत्री ने कहा कि सीजीएचएस के तहत 341 वेलनेस केंद्र हैं जिनसे 44 लाख लोग लाभ उठा रहे हैं।

घर के पास स्वास्थ्य सुविधाएं

मांडविया ने कहा कि सरकार द्वारा किए गए सुधारों के कारण सीजीएचएस के दायरे में आने वाले शहरों की संख्या 2014 में 25 से बढ़कर अब 80 हो गई है। अब जल्द ही भारत के 100 शहरों में ये केंद्र होंगे। हमारा लक्ष्य है कि सीजीएचएस लाभार्थियों को उनके घर के पास स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें और देश के सुदूर कोनों तक ये पहुंचें।'' मांडविया ने कहा कि क्षय रोग से पीड़ित रोगियों के लिए सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाओं के लिहाज से रोबोटिक सर्जरी कारगर होगी।

भारत दौरे पर पहुंचे ओमान के सुल्तान दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक भारत की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर आज नई दिल्ली पहुंचे। विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने ओमान के सुल्तान की पहली भारत यात्रा पर उनका स्वागत किया। नई दिल्ली एयरपोर्ट पर वी मुरलीधरन के अलावा विदेश मंत्रालय के कई और उच्चाधिकारी ओमान के सुल्तान की आगवानी में मौजूद रहे। राष्ट्रपति की मेजबानी के बाद ओमान के सुल्तान और प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात अगले दिन होगी।

इसी साल विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ओमान दौरे पर गए थे। 18-19 अक्तूबर के उनके दौरे के बाद सुल्तान भारत दौरे पर पहुंचे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम

- एयरपोर्ट पर विदेश राज्यमंत्री ने किया स्वागत
- राष्ट्रपति की मेजबानी के बाद प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात होगी

बागची ने उनके भारत पहुंचने पर कहा, उनके इस दौरे से भारत और ओमान के संबंधों को और मजबूती मिलेगी। दोनों देशों के बीच दोस्ती को प्रगाढ़ करने में भी यह दौरा बेहद कारगर साबित होगा। ओमान ने 150 से अधिक कार्य समूह बैठकों में भाग लिया। जी20 देशों की मंत्रिस्तरीय बैठकों में ओमान के नौ मंत्रियों ने भाग लिया था।

जयशंकर से मुलाकात होगी

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, ओमान के राष्ट्राध्यक्ष के साथ वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत दौरे पर पहुंचा है। भारत पहुंचे ओमान के सुल्तान की यह पहली राजकीय यात्रा है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि नई दिल्ली पहुंचने पर ओमान के सुल्तान से विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मुलाकात करेंगे।

भारत ने तेज गति वाले यूएवी का सफल प्रायोगिक परीक्षण किया

नई दिल्ली (भाषा)। कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एक स्वदेशी रूप से निर्मित तीव्र गति मानवरहित विमान (यूएवी) का सफल प्रायोगिक उड़ान परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि इस तरह भारत ऐसी तकनीक रखने वाले देशों के एक विशिष्ट समूह में शामिल हो गया। इस तकनीक को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित किया गया है। डीआरडीओ ने चित्रदुर्ग में वैमानिकी परीक्षण रेंज से स्वदेशी तीव्र गति मानवरहित विमान (यूएवी) का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रणाली के सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योग को बधाई दी है।

पाक में दो आतंकवादी हमलों में पांच सुरक्षाकर्मियों की मौत

पेशावर (भाषा)। उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को एक क्षेत्रीय पुलिस मुख्यालय और एक नाके पर हुए आतंकवादी हमले में कम से कम पांच सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। इन घटनाओं में चार आतंकवादी भी मारे गए। अधिकारियों के मुताबिक पहला हमला खैबर पख्तूनख्वा के टैंक जिले में पुलिस लाइन पर हुआ। हमले में तीन पुलिसकर्मी मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि चार आतंकवादी भी मारे गए। एक आतंकवादी ने पुलिस कार्यालय और आवास ब्लॉक के मुख्य द्वार पर खुद को उड़ा लिया और अन्य आतंकवादी अंदर घुस गये।

ईडी ने चंडीगढ़ की दवा कंपनी के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर, पंजाब में छापे मारे

चंडीगढ़/नई दिल्ली(भाषा)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में चंडीगढ़ स्थित एक दवा कंपनी और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर और पंजाब में लगभग एक दर्जन स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस मामले में कंपनी- पैराबोलिक ड्रग्स- के खिलाफ अक्टूबर में भी छापे मारे गये थे। केंद्रीय एजेंसी ने पहले पैराबोलिक ड्रग्स के प्रवर्तकों- विनीत गुप्ता (54) और प्रणव गुप्ता (56) एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट सुरजीत कुमार बंसल (74) को धनशोधन निवारण अधिनियिम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था। विनीत एवं प्रणव गुप्ता हरियाणा के सोनीपत स्थित अशोक विश्वविद्यालय के सह-संस्थापक भी हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा 2021 में 1,626 करोड़ रुपये की बैंक ऋण धोखाधड़ी में उनकी कथित संलिप्तता के लिए मामला दर्ज किया था। उसके बाद दोनों ने 2022 में अशोक विश्वविद्यालय में अपने पद से इस्तीफा दे दिया। ईडी ने पिछले साल जनवरी में उनके खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया था। एजेंसी ने अक्टूबर में अदालत को बताया था कि कंपनी के दो गिरफ्तार निदेशक जाली और मनगढंत दस्तावेजों के आधार पर ऋण या वित्तीय सुविधाएं प्राप्त करके बैंकों को धोखा देने में सक्रिय रूप से शामिल थे। एजेंसी ने कहा था कि दोनों ने 'मुखौटा कंपनियों' की सेवाओं का लाभ उठाया और प्राथमिक प्रतिभूति का मूल्य अवैध रूप से बढ़ा दिया, जिसके खिलाफ बैंक द्वारा आहरण की अनुमति दी गई थी।

श्रेयस तलपड़े को पड़ा दिल का दौरा, एंजियोप्लास्टी हुई

मुंबई(भाषा)। अभिनेता श्रेयस तलपड़े को दिल का दौरा पड़ा है और उनकी यहां एक अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई है। अस्पताल के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अभिनेता की पत्नी दीप्ति ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक बयान जारी कर कहा कि श्रेयस की हालत स्थिर है और उन्हें कुछ दिन में अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। श्रेयस (47) ने बृहस्पतिवार को बेचैनी की शिकायत की थी और वह अपने घर में बेहोश हो गए थे। परिजन उन्हें अंधेरी के बेलेव्यू हॉस्पिटल लेकर गए थे। अस्पताल के अधिकारी ने कहा, ''उन्हें देर शाम अस्पताल में भर्ती कराया गया और देर रात उनकी एंजियोप्लास्टी की गयी।

कर्नाटक में डीआरडीओ के वैज्ञानिक ने की आत्महत्या

मंगलुरु(भाषा)। हैदराबाद में 'रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन' (डीआरडीओ) में कार्यरत एक युवा वैज्ञानिक ने दक्षिण कन्नड़ जिले में स्थित अपने घर में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान भरत (24) के रूप में हुई। वह बीते दो महीनों से अस्थायी रूप से डीआरडीओ में काम कर रहा था। उसने बताया कि भरत ने नौकरी से इस्तीफा दे दिया था तथा एक सप्ताह पहले दक्षिण कन्नड़ जिले के पुत्तुर तालुक स्थित अपने गांव आर्यापु लौट आया था। समझा जाता है कि उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया था। पुलिस ने बताया कि बुधवार को अपने नियोक्ता के एक प्रतिनिधि का फोन आने के बाद भरत ने यह कदम उठाया।

भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली पहुंचे दलाई लामा

गया(भाषा)। तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच बिहार के गया जिला के बोधगया स्थित भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली पहुंचे। गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जिलाधिकारी त्यागराजन एस एम और उपविकास आयुक्त विनोद दुहान के नेतृत्व में अधिकारियों ने तिब्बती धर्म गुरु का गर्मजोशी से स्वागत किया। दलाई लामा जब बोधगया में तिब्बती मठ की ओर जा रहे थे, तो उनकी एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़क के दोनों ओर खड़े थे।

मणिपुर हिंसा के आठ माह बाद दफनाए गए 19 शव

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर में जातीय हिंसा में मारे गए कुकी जो समुदाय के 19 लोगों के अवशेषों को शुक्रवार को राज्य के कांगपोकपी जिले में दफनाया गया। मतृकों को फैजांग गांव में आदिवासी एकता समिति (सीओटीयू) द्वारा सामूहिक रूप से दफनाया गया। इस दौरान मृतकों के दोस्त और रिश्तेदार भी मौजूद रहे। संयुक्त परोपकारी संगठन (जेपीओ) के संयोजक लालडॉनलियन वर्ते ने बताया कि आदिवासी समुदाय के 87 अन्य सदस्यों के शव चुराचांदपुर जिले में 20 दिसंबर को दफनाए जाएंगे। 19 मृतकों के अवशेष इंफाल में लगभग आठ महीने से मुर्दाघरों में पड़े हुए थे।

यमन के विद्रोहियों के हमले से मालवाहक जहाज में आग

दुबई(भाषा)। यमन में विद्रोहियों के नियंत्रण वाले क्षेत्र से किये गए हमले की चपेट में आने के बाद लाल सागर में लाइबेरियाई ध्वज वाले एक मालवाहक जहाज में शुक्रवार को आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अल जसराह पर हुए हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। संदेह है कि अल जसराह जहाज पर यह हमला ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने किया है। हालांकि विद्रोहियों ने अभी इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हूती विद्रोहियों द्वारा किए गए समुद्री हमले इजराइल-हमास युद्ध और गाजा पट्टी को निशाना बनाकर किए जा रहे हमले का जवाब हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25